bulandmediagroup@gmail.com www.bulandmedia.in RNI NO. MPHIN / 2012 / 47505



7 क्या हैं आज के खेल

# बुलंद मीडिया

भोपाल, रायपुर, बिलासपुर, एवं दुर्ग से एक साथ प्रकाशित

संपादक - मनोज पाण्डेय मो. 9754750321



6 जाने फ्यूचर के बारे में..

वर्ष : 12 | अंक : 326 | भोपाल सोमवार 13 मई 2024 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 02/-

# आरिफ मसूद पर एफआईआर

## नाबालिग बेटे को बूथ में ले जाने का वीडियो आया था सामने; चुनाव आयोग का एक्शन



**भोपाल.** मतदान की गोपनीयता भंग करने के मामले में भोपाल से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद पर एफआईआर दर्ज की गई है। राजधानी के शाहजहांनाबाद थाने में धारा 188 के तहत उन पर केस दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग पूर्व मंत्री कमल पटेल पर भी कार्रवाई करेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा कि दोनों के खिलाफ एक्शन लिया जा रहा है।

### सीएम बोले-नोटा कोई चुनाव चिन्ह नहीं,आक्रोश जताने का ऑप्शन है,राज्यपाल से मिलने के बाद कहा

# कांग्रेस पराजय की लड़ाई लड़ रही

**भोपाल।** चौथे चरण के मतदान के एक दिन पहले सीएम डॉ मोहन यादव ने रविवार को राज्यपाल मंगू भाई पटेल से मुलाकात की। सीएम और राज्यपाल के बीच करीब 15 मिनट तक चर्चा हुई। गवर्नर से मुलाकात के बाद सीएम डॉ मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा में गर्मी के मौसम में पेयजल, गेहूं खरीदी और लॉ एंड ऑर्डर के मुद्दों पर चर्चा हुई है।

मातृ देवो भव



### नोटा आक्रोश व्यक्त करने का तरीका

इंदौर में कांग्रेस द्वारा नोट पर वोट देने की अपील करने पर सीएम ने कहा- नोटा कोई चुनाव चिन्ह नहीं है। कांग्रेस ने पहले अपना प्रत्याशी खोया। फिर अपनी बुद्धि खो रही है। उन्हें शर्म आनी चाहिए नोट के ऊपर कोई वोट डलता है.

### राज्यपाल से इन मुद्दों पर हुई चर्चा

राज्यपाल से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा मेरी राज्यपाल जी से मुलाकात हुई है गर्मी के मौसम में पेयजल के विषय पर चर्चा हुई है। पूरे प्रदेश में पेयजल का लेकर प्रबंध किया है जहां दिक्कत है वहां व्यवस्था करने को कहा है किसी भी नगर और गांव में पीने की पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। मुझे इस बात का संतोष है कि जो हमने प्रबंध किए हैं ऐसी कोई बहुत बड़ी परेशानी सामने नहीं आई। सीएम ने कहा- अभी गेहूं उपार्जन का भी सीजन चल रहा है। गेहूं के बाजार में भी अच्छे भाव हैं। स्वाभाविक रूप से जितना गेहूं मिल सकता है उतना प्रयास हम कर रहे हैं।

# दिल्ली के दो अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

दिल्ली में स्कूलों के बाद अब सरकारी अस्पतालों को बम हमले की धमकी मिली है। दिल्ली के बुराड़ी सरकारी अस्पताल और मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल को ईमेल के जरिए धमकी मिली है। बॉम्ब डिस्पोजल टीम अस्पतालों की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि बुराड़ी अस्पताल में BDT को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। हालांकि जांच जारी है। इससे पहले 1 मई को भी दिल्ली-ह्ष्ट्रक्र के करीब 100 स्कूलों में बम रखे होने की धमकी भेजी गई थी। इसके तुरंत बाद सभी स्कूलों में दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस पहुंच गईं। स्कूलों को खाली करवाने के बाद पुलिस ने बम की तलाशी की। हालांकि बाद में ये फेक निकला था।

### मोदी बोले-टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे-हुगली में कहा-

# कांग्रेस को शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी



**कोलकाता.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के बैरकपुर, हुगली, आरामबाग और हावड़ा में रैली की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखाली की बहनों को डराया-धमकाया जा रहा है। कांग्रेस को इस बार उनके शहजादे की उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। राहुल गांधी इस साल 19 जून को 54 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में संदेशखाली में यौन उत्पीड़न के मामले में कथित वीडियो पर कहा- पहले टीएमसी नेताओं को पुलिस ने बचाया। अब टीएमसी ने एक नया खेल शुरू किया है। टीएमसी के गुंडे संदेशखाली की बहनों को डरा रहे हैं, धमका रहे हैं। सिर्फ इसलिए कि अत्याचारी का नाम शाहजहां शेख है। उन्होंने कहा- बंगाल में टीएमसी की सरकार में राम का नाम नहीं लेने दिया जाता। रामनवमी नहीं मनाने दी जाती। सीएए का विरोध किया जाता है।

### सत्ता के भूखे राम मंदिर के निर्माण से नाराज

पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल में देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो है। हम यहां पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन टीएमसी बार-बार इस प्रक्रिया में बाधा डालने की कोशिश करती है। इसलिए जनता को टीएमसी को सबक सिखाना होगा। आपका हर एक वोट टीएमसी के कुशासन को खत्म करने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि जो सत्ता के भूखे हैं और अपना वोट बैंक खोन से डरते हैं.

### संदेशखाली में क्या हुआ देश देख रहा है

उन्होंने संदेशखाली मामले पर टीएमसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पूरा देश देख रहा है कि संदेशखाली में क्या हो रहा है? उन्होंने कहा कि टीएमसी, संदेशखाली में हर हथकंडा अपना रही है। लेकिन मैं आश्वासन देता हूं कि टीएमसी का कोई भी आतंकवादी बच्चा नहीं है।

### मोदी पूर्वी हिस्से को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा

मोदी ने ठाना है कि वो देश के पूर्वी हिस्से को विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनाएगा। आज हम पूर्वी राज्यों में सड़क मार्ग, रेलवे और जलमार्ग का एक नेटवर्क बना रहे हैं। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने इस क्षेत्र में औद्योगीकरण को बढ़ाया है। आने वाले वर्ष बंगाल और आसपास के राज्यों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित होंगे।

### युवाओं को दिया धोखा

टीएमसी बंगाल के युवाओं को धोखा दिया है। पेपर लीक और एडमिशन माफियाओं के कारण युवाओं का भविष्य खराब हुआ है। पीएम मोदी ने किसानों की बात करते हुए कहा कि हमारे किसान और हमारे आदिवासी, विकसित भारत की बहुत बड़ी ताकतें हैं।

### केजरीवाल बोले- मोदी अपने उत्तराधिकारी का नाम बताएं

# या कहें कि रिटायरमेंट का नियम उन पर लागू नहीं होता ये सिर्फ आडवाणी के लिए था



**नई दिल्ली।** तिहाड़ जेल से बाहर आने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने एक बार फिर प्रधानमंत्री के रिटायरमेंट का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- अगले साल PM मोदी 75 साल के हो जाएंगे। उनके रिटायरमेंट का भाजपा नेताओं ने खंडन किया है। प्रधानमंत्री इस पर चुप हैं। उन्हें अपने उत्तराधिकारी का नाम बताना चाहिए। केजरीवाल ने कहा- अगर मोदी रिटायर नहीं होंगे तो वे कह दें कि 75 साल उम्र होने पर रिटायरमेंट का नियम उन पर लागू नहीं होगा। ये नियम सिर्फ आडवाणी अन्य कुछ नेताओं के लिए था। वे वन नेशन-वन लीडर आइडिया के तहत विपक्ष के सभी नेताओं को जेल भेज रहे हैं और अपने नेताओं की राजनीति खत्म कर रहे हैं। मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, डॉ. रमन सिंह जैसे नेताओं की राजनीति खत्म कर दी। अब अगला नंबर यूपी के सीएम योगी का है। भाजपा ये तो कह रही है कि मोदी जी रिटायर नहीं होंगे.

### 10 गारंटी का ऐलान किया

दिल्ली के मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर देश के लोगों के लिए %केजरीवाल की 10 गारंटी% का भी ऐलान किया है। उन्होंने INDIA ब्लॉक से माफी मांगते हुए कहा कि मैं गठबंधन के नेताओं को बताए बिना ही गारंटियों की घोषणा कर रहा हूं। लेकिन,क्क के स्कूल और अस्पताल खोलने के वादे पर सहयोगी दलों को कोई आपत्ति नहीं होगी।केजरीवाल ने कहा- मेरी गिरफ्तारी के कारण इसमें देरी हुई, लेकिन अभी भी चुनाव के कई फेज बाकी हैं। अगर I.N.D.I.A ब्लॉक सत्ता में आई, तो इन गारंटियों को लागू करने की गारंटी मैं लेता हूं।

# टीवी एक्ट्रेस पवित्रा जयराम की कार एक्सीडेंट में मौत



**नई दिल्ली।** जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस पवित्रा जयराम अब इस दुनिया में नहीं रहीं। टीवी एक्ट्रेस का निधन हो गया है। एक भीषण कार हादसे में पवित्रा की जान चली गई जबकि तीन लोग बुरी तरह घायल हैं। ये दुखद हादसा आंध्र प्रदेश में हुई है। पवित्रा जयराम के निधन की खबर से उनके चाहने वालों को गहरा झटका लगा है। कन्नड़ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री पवित्रा जयराम का निधन रविवार (12 मई) को आंध्र प्रदेश के महबूब नगर में हुआ। घटनास्थल पर ही पवित्रा की मौत हो गई, जबकि उनके साथ मौजूद बहन, ड्राइवर और एक्टर गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा कर्नाटक के मांड्या जिले के हनाकेरे लौटते समय हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महबूब नगर में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। बाद में हैदराबाद से वानापर्थी आ रही बस कार के दाहिने हिस्से से टकरा गई। हादसे में टीवी एक्ट्रेस गंभीर रूप से घायल हो गईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पवित्रा की चचेरी बहन अपेक्षा, ड्राइवर श्रीकांत और अभिनेता चंद्रकांत गंभीर रूप से घायल हो गए। पवित्रा के निधन से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को गहरा सदमा लगा है। फैंस एक्ट्रेस के निधन पर श्रद्धांजलि जाहिर कर रहे हैं। अभिनेता समीप आचार्य ने अभिनेत्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है और अपना दुख व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, इस खबर के साथ उठा कि अब आप नहीं रहीं। इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा है।

### नोमुरा ने किया दावा

# देश को अगले 10 वर्षों में मिलेंगे 138 अरब डॉलर के आर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नोमुरा की ओर से जारी इंडिया डिफेंस नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है।

यह स्थिति रक्षा उत्पादन और प्रौद्योगिकी विकास में लगी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रदान करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रक्षा पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 30 तक कुल बजट का 37 प्रतिशत तक. बढ़ने की ओर अग्रसर है, इस दौरान वित्त वर्ष 2025 में अनुमानित रूप से 29 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हो सकती है। यह वित्त वर्ष 24-30 में 15.5 ट्रिलियन रुपए के संचयी पूंजी परिव्यय के बराबर है, जो पिछली अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है।



### मेक इन इंडिया पर ध्यान

रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय रक्षा बजट बढ़ाने, आधुनिकीकरण के प्रयासों और मेक इन इंडिया जैसी पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पर सरकार के ध्यान को दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रक्षा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर्स में आकर्षक अवसर प्रदान करता है। अकेले रक्षा एयरोस्पेस क्षेत्र की हिस्सेदारी 50 बिलियन अमरीकी डॉलर की है।

### पुलिस को करनी पड़ी अपील

# और श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा, स्थगित करें यात्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड के सभी चार धामों- केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री की यात्रा शुरू हो गई है। पहले ही दिन केदारनाथ में रिकॉर्ड संख्या में 32 हजार श्रद्धालु पहुंचे। इस बीच यात्रा के पहले दिन यमुनोत्री जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल भी हुआ जिसमें पहाड़ी रास्ते पर भक्तों की भीड़ खचाखच भरी हुई दिखाई दे रही है। वीडियो के सामने आने के बाद ही राज्य सरकारी की तैयारियों को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे। हालांकि शनिवार को ही पुलिस प्रशासन ने सफाई देते हुए कहा कि वहां हालात सामान्य हैं और अब भीड़ नहीं है।



### उत्तरकाशी पुलिस का पोस्ट

इन सबके बीच रविवार सुबह उत्तरकाशी पुलिस ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, आज श्री यमुनोत्री धाम पर क्षमता के अनुसार पर्याप्त श्रद्धालु यात्रा के लिये पहुंच चुके हैं। अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आने जा रहे हैं, उनसे विनम्र अपील है कि आज यमुनोत्री जी की यात्रा स्थगित करें। दरअसल रविवार को जैसे ही खतरनाक स्थिति दिखाने वाले यमुनोत्री का वीडियो सामने आया तो श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर चिंताएं होने लगी और प्रशसन द्वारा किए गए इंतजामों पर लोग सवाल खड़े करने लग गए।

### नवाचार | सीबीएसई डायरेक्टर बोलीं-देश में 10 भाषाओं के स्टडी मटेरियल किया गया तैयार

# सीबीएसई स्कूलों में प्राइमरी में सिखाई जाएगी मातृभाषा

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने देश के सभी स्कूलों को प्री प्राइमरी और प्राइमरी क्लास के बच्चों को लिए रीजनल लैंग्वेज में एजुकेशनल मटेरियल की मदद से पढ़ाने का निर्देश दिया है । सीबीएसई ने इसे लेकर सर्कुलर जारी किया है। स्कूल की शुरुआती शिक्षा बच्चे की मातृभाषा या रीजनल भाषा में ही होनी चाहिए। इसके लिए सीबीएसई खासतौर पर मटेरियल भी डिजाइन किया जा रहा है। ये मटेरियल 3 से 8 साल की उम्र के बच्चों के लिए बनाया जा रहा है। इसे लैंग्वेज प्राइमर का नाम दिया गया है। सीबीएसई ने कहा है कि स्कूलों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी, 2020 और नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क को ध्यान में रखते हुए बन रहेमटेरियल की मदद से रीजनल भाषाओं में एजुकेशनल पढ़ाई शुरू कर देनी चाहिए।

**शिक्षकों की कमी को पूरा करेंगे:** सीबीएसई का कहना है कि ये जिम्मेदारी स्कूलों में शिक्षकों और घर में पेरेंट्स की है कि बच्चों की भाषा पर पकड़ मजबूत हो। अलग-अलग भाषा का सही स्टैंडर्ड सिलेबस या गाइड उप्लब्ध नहीं होने की वजह से बच्चों को सीखने में परेशानी आती है। स्किल्ड टीचर्स का न मिल पाना भी सीखने की प्रक्रिया में एक परेशानी है। इस प्राइमर की मदद से ये दोनों समस्याओं से कुछ हद तक हल की जा सकती हैं।

### लैंग्वेज सिखाना जरूरी

सीबीएसई ने स्कूलों को मटेरियल की मदद से बच्चों को पढ़ाने का निर्देश दिया है। अगर बच्चे की मातृ भाषा या रीजनल लैंग्वेज अलग हो और स्कूल में किसी दूसरी भाषा में पढ़ाई हो, तो इस मटेरियल की मदद से बच्चों को उनकी मातृ भाषा या रीजनल लैंग्वेज सिखाना जरूरी है।



### तैयार करेंगे 52 भाषाओं के प्राइमर

सीबीएसई की एकेडमिक्स विंग की डायरेक्टर ने कहा कि नेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ लैंग्वेजेस ने देशभर में बोली जाने वाली 52 भाषाओं में प्राइमरी स्कूलों के बच्चों के लिए एजुकेशनल मटेरियल तैयार करने के लिए कोलैब किया है। देश में अलग-अलग भाषाओं की विविधता को बनाए रखने और बच्चों का फाउंडेशन मजबूत करने के लिए ये कदम उठाया गया है।

### इनका कहना है

भुतिया, बोडो, गारो, खंदेशी, किन्नौरी, कुकी, मणिपुरी, नेपाली, शेरपा और तुलु भाषाओं के लिए मटेरियल तैयार हो चुका है। इस मटेरियल में इन भाषाओं के अल्फाबेट और नंबर के साथ लैंग्वेज की बेसिक अंडर स्टैंडिंग के लिए जरूरी चीजें जैसे-शब्दों का उच्चारण, वर्ड मीनिंग, चिन्हों की पहचान जैसी चीजें भी शामिल की गई हैं।


**प्रज्ञा एम**, डायरेक्टर, सीबीएसई एकेडमिक्स

### संदेशखाली मामले में नया वीडियो वायरलःदावा-

# प्रोटेस्ट के लिए 70 महिलाओं को 2-2 हजार रुपए मिले, टीएमसी बोली-भाजपा ने फर्जी नैरेटिव फैलाया

**कोलकाता.**पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में नया वीडियो सामने आया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस वीडियो में भाजपा मंडल (बूथ) अध्यक्ष गंगाधर कायल TMC नेता शाहजहां शेख के खिलाफ प्रोटेस्ट करने वाली 70 महिलाओं को 2-2 हजार रुपए देने की बात कहते नजर आ रहे हैं। 45 मिनट के इस वीडियो में भाजपा नेता ने कहा- हमें 50 बूथों के लिए 2.5 लाख रुपए कैश की आवश्यकता होगी। इन बूथों पर 30 प्रतिशत प्रदर्शनकारी महिलाएं हैं। हमें यहां SC, ST और OBC समुदाय के लोगों को अच्छे पैसे देकर खुश रखना होगा। महिलाएं आगे की लाइन में रहकर पुलिस से मुकाबला करेंगी। वीडियो वायरल होने के बाद न्यूज एजेंसी PTI ने कायल से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। वीडियो को लेकर TMC प्रवक्ता रिजु दत्ता ने कहा- भाजपा के फर्जी नैरेटिव की सच्चाई सबके सामने आ रही है। वहीं, भाजपा प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने वीडियो को बेबुनियाद और फेक बताया।

# कृषि उपज मंडी मिर्जापुर में पेयजल की किल्लत



**विदिशा ( नि.प्र. )**

तेज गर्मी के बीच किसान अपनी फसल लेकर कृषि उपज मंडी मिर्जापुर पहुंचते हैं, लेकिन यहां पेयजल की भी व्यापक व्यवस्था नहीं है।

पानी की जितनी भी टंकियां यहां बनी है, उसमें नल की टोटियां ही नहीं हैं। पेयजल की भी उपलब्धता यहां नियमित नहीं हो पाती। जिससे किसान काफी परेशान है। अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी भी इस समस्या को लेकर अपनी बात रख चुके हैं, जल्द ही समस्या का हल करने की मांग उनके माध्यम से की गई है।

# आठ टैंकरों से पानी वितरण किया जाएगा

**विदिशा ( नि.प्र. )**

गुलाबगंज में पानी की विगत कई सालों से पानी की समस्या को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक मुकेश टंडन जी गुलाबगंज में पानी की समस्या को लेकर गंभीर है।

समस्या को देखते हुए कलेक्टर साहब जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी एवं जल संसाधन विभाग के सीईओ के साथ पानी की समस्या के लिए तहसील कार्यालय में बैठक हुई इसमें समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई बैठक में ग्राम वासियों ने भी अपनी-अपनी बात रखी की पानी की समस्या गुलाबगंज की कैसे हाल हो सकती है सुझाव के दौरान जन प्रतिनिधियों ने भी में भी सुझाव दिए इस दौरान जल संसाधन के सीईओ और भी अन्य अधिकारियों ने नागरिकों को जल जीवन मिशन के बारे में बताया कि इस योजना के तहत आपके लिए पानी मिल जाएगा और गुलाबगंज की वरिष्ठ नागरिक भाजपा नेता राकेश कटारे जी एवं सभी ने बोला की गुलाबगंज के लिए सेपरेट लाइन हो क्योंकि यह कस्बा लगभग 12000 लोग यहां निवास करते हैं।



इस तरीके से ही गुलाबगंज के लोगों को पानी की समस्या का हाल हो सकता है जिसका सभी जनप्रतिनिधियों ने समर्थन किया अस्थाई व्यवस्था के तौर पर आठ टैंकरों के द्वारा गुलाबगंज में पानी वितरण किया जाएगा कई दिनों से यह समस्या चल रही थी।

इस समस्या को अवगत भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जी चौहान के समक्ष दूरभाष के माध्यम से मनोज कटारे जी ने यह बात उन तक पहुंचाई इस दौरान गुलाबगंज गंज के भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतीक कांग जगदीश दांगी की सरपंच पूजा गाबरी प्रकाश गुप्ता ओमप्रसाद खेरा सचिन यादव पीयूष शर्मा प्रभात कुरेले राजकुमार रेकबार एवं गुलाबगंज के समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### न्यायालय कुरवाई में नेशनल लोक अदालत का हुआ सफल आयोजन

# सिविल प्रकरण के 40 प्रकरणों में से 10 प्रकरण का हुआ निराकरण

**विदिशा ( नि.प्र. )**

विधिक सेवा प्राधिकरण कुरवाई के तत्वाधान में न्यायालय कुरवाई में नेशनल लोक अदालत का प्रारंभ न्यायाधीश संतोषी वासनिक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुरवाई एवं सुधीर सिंह निगवाल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कुरवाई, निशा कुरील व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड कुरवाई, लोक अभियोजक अधिवक्ता राघवेन्द्र दांगी, अभिभाषक संघ अध्यक्ष अधिवक्ता राजमल जैन, अधिवक्ता नवीन जैन, द्वारा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया।



इस अवसर पर कुरवाई के समस्त बैंकों एवं नगर परिषद कुरवाई एवं विद्युत मण्डल ने न्यायालय परिसर में अपने स्टाल लगाये। नेशनल लोक अदालत में संतोषी वासनिक जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुरवाई के न्यायालय में सिविल प्रकरण के 40 प्रकरणों में से 10 प्रकरण का निराकरण हुआ जिसमें 10 लाभान्वित हुये, एससीईएलई विद्युत प्रकरण के 60 प्रकरणों में से 11 प्रकरण का निराकरण हुआ एवं 10,18,340 रूपये एवं 9 लाभान्वित हुये। दावा अधिकरण ह्रष्ट के 48 प्रकरणों में से 02 प्रकरण का निराकरण हुआ एवं 10,15,000 रुपये व 9 व्यक्ति लाभन्वित हुए। इस प्रकार कुल 158 प्रकरणों में से 23 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं 20,33,430 रूपये एवं 30 व्यक्ति लाभान्वित हुये। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय के अंतर्गत कुरवाई के बैंक प्रीलिटिगेशन के 662 प्रकरणों में से 4 प्रकरण में राशि 8,41,000/- रूपये एवं 8 पक्षकार लाभान्वित हुआ एवं नगर परिषद कुरवाई प्रीलिटिगेशन के जलकर के 30 प्रकरणों में से 14 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं 46,300 रूपये की वसूली हुई एवं 14 तथा नगर परिषद के सम्पत्ति कर के 51 प्रकरणों में से 17 प्रकरण का निराकरण हुआ जिसमें 52510 रुपये वसूली हुई एव 17 व्यक्ति लाभान्वित हुये एवं विद्युत मण्डल कुरवाई प्रीलिटिगेशन के 1100 प्रकरणों में से 22 प्रकरणों का निराकरण जिसमें 3,63,000 रूपये वसूल हुये जिसमें 22 लाभान्वित हुये। तहसील कुरवाई के राजस्व न्यायालय के नियमित नामांतरण के 13 प्रकरण, बटवारा के 9 प्रकरण, बटांकन के 1 प्रकरण, जन्म पंजीयन के 55 प्रकरण, मृत्य पंजीयन के 1 प्रकरण तथा आपराधिक, प्रकरण 147 प्रकरणों का निराकरण हुआ इस प्रकार कुल 226 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 226 लाभान्वित हुये। समझौता राशि पक्षकारों ने बैंक एवं नगर परिषद कुरवाई एवं विद्युत मण्डल के स्टॉलो पर जमा की गयी।

सुधीर सिंह निगवाल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कुरवाई के न्यायालय में कुल 247 आपराधिक प्रकरणों में से 16 प्रकरण का निराकरण हुआ जिनमे 16 पक्षकार लाभान्वित हुये, दाम्पत्य विवाद प्रकरण एवं भरण-पोषण के 149 प्रकरणों में से 06 प्रकरणों में समझौता कार्यवाही हुई 15 पक्षकार लाभान्वित हुये। चेक बाउंस के 45 प्रकरणों में से 1 प्रकरण का निराकरण हुआ जिसमें 1,00,000 रुपये की वसूली हुई तथा 2 व्यक्ति लाभन्वित हुए। इस प्रकरण व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ खण्ड कुरवाई के न्यायालय में कुल 531 प्रकरणों में से 23 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं 38 पक्षकार लाभान्वित हुये तथा 10000प रुयये क़ी वसूली हुई। निशा कुरील व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट खण्ड कुरवाई के न्यायालय में न्यायालय में कुल 243 आपराधिक प्रकरणों में से 04 प्रकरण का निराकरण हुआ।

# नेशनल लोक अदालत का हुआ आयोजन



**विदिशा ( नि.प्र. )**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में मसूद एहमद खान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में शनिवार को आयोजित की गयी नेशनल लोक अदालत में जिले में 2610 प्रकरणों का आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जाकिर हुसैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष विदिशा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रजवह्लित कर किया गया। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण, विद्युत विभाग, बैंक, भारत संचार निगम, नगर पालिका परिषद एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मसूद एहमद खान ने बताया कि इस लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिये 32 खण्डपीठों के द्वारा आपराधिक शमनीय प्रकरण, सिविल प्रकरण, धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, राजस्व प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत, जल एवं संपत्तिकर संबंधी प्रकरणों, बीएसएनएल तथा बैंकों के वसूली प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौते के आधार पर किया गया। आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 521 प्रकरणों का तथा 2089 प्रीलिटीगेशन के प्रकरणों का इस प्रकार कुल 2610 प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामें के आधार पर किया गया। इन प्रकरणों में समझौता राशि रूपये 5, 32, 82, 964 रूपए है।

## भारत विकास परिषद ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**देवास।** भारत विकास परिषद शाखा देवास द्वारा आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जन जागृति हेतु मतदाता जागरूकता रैली का अयोजन किया गया। रैली स्थानीय सयाजी द्वार से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होकर सुभाष चौक में संपन्न हुई। रैली में परिषद् के सदस्य हाथ में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के नारों की तख्तियां लेकर मतदाताओं का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। कार्यक्रम में परिषद के सभी सदस्यों ने उत्साह से हिस्सा लिया। परिषद के साथ ही लीनस क्लब के सदस्य भी उक्त रैली में सम्मिलित हुए। रैली का शहर में विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# नपा ने नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया

**विदिशा ( नि.प्र. )**

नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात पूर्व मुख्य सड़कों एवं वार्डों में स्थित नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत पोकलेन मशीन और ट्रैक्टर ट्रालियों की मदद से नाले के कचरे को एकत्रित कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इस कार्य के लिए सफाई दरोगा एवं सफाई कर्मियों को दायित्व सौंप दिया गया है। जो नगर के मुख्य सड़कों के अलावा त्योंदा रोड, बरेठ रोड, स्टेशन रोड, बेहलोट रोड, गांधी चौक, जवाहर रोड पर प्रतिदिन नालों की सफाई का कार्य करवाएंगे। नगर पालिका सीएमओ जयंत वर्मा, स्वच्छता अधिकारी जावेद खान, सहज तेंगुरिया इस कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे। यहां यह जानना जरूरी है कि विभिन्न वार्डों में स्थित नालों से बरसात का पानी आसानी से निकल सके इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव के निर्देश के बाद इनकी सफाई सुनिश्चित की गई है। ताकि बरसात के दिनों मे नागरिकों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े।




**लोक अदालत में आई 10 लाख से अधिक की वसूली:** नगर पालिका परिषद द्वारा लगाई गई वार्षिक नेशनल लोक अदालत में कुल 1299 प्रकरण सामने आए। जिनमें से 545 प्रकरणों का निराकरण किया गया और 10 लाख 23 हजार 420 रुपए की वसूली राशि प्राप्त की गई। शनिवार के दिन नगर पालिका परिषद एवं नवीन न्यायालय रजोदा रोड पर लगाई गई नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर के 910 प्रकरण सामने आए। जिनमें से 246 प्रकरण निराकृत किए गए और उनमें 5 लाख 81 हजार 765 रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसी तरह जल करके 389 प्रकरणों में से 299 प्रकरण निराकृत किए गए और वसूली के रूप में 441655 रुपए की राशि प्राप्त हुई।

**सख्ती** | आरोपियों ने ट्रक में ठूंस-ठूंसकर भरे थे गौवंशस क्लीनर फरार

# गश्त के दौरान सिरोंज मंडी से 51 गौवंश को किया बरामद

**विदिशा ( नि.प्र. )**

पुलिस अधीक्षक विदिशा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विदिशा नेतृत्व में अवैध गतिविधियों के विरूद्ध विशेष अभियान के तहत सिरोंज एसडीओपी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरोंज संदीप कुमार पवार के नेतृत्व में उनि. कमलेश सोनकर को 11.05.2024 को रात्रि कस्बा गश्त चैकिंग के दौरान जरिये वाहन 100 डायल में लगे आरक्षक 889 सुनील जाट से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक मवेशी भर कर देवपुर तरफ से सिरोंज तरफ आ रहा है कि सूचना तस्दीक हेतु गश्त में लगे आरक्षक राजकुमार, महेन्द्र गुर्जर, बलवीर तोमर व पंचान रोहित यादव, प्रदीप राठौर को साथ लेकर आरोन रोड चौराहा सिरोंज पहुंचा, जहां 100 डायल वाहन मिला।





कुछ समय बाद देवपुर तरफ से एक ट्रक आते दिखा जिसे हमराह फोर्स व पंचानो की मदद से रोका। ट्रक का क्लीनर ट्रक से कूदकर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 6928 का चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम गोविन्द पिता खुमान सिंह लोधी उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 01 नरापुरा रायसेन का होना बताया। पंचानों के समक्ष ट्रक को चेक किया तो ट्रक के बॉडी के अंदर दो भाग बने हुये पाये गये दोनों भागों में गाय के नटवा 50 नग गौवंशी बछड़े व एक गाय कुल 51 नग को ठूस-ठूसकर रस्सी की सहायता से पैर और मुंह बांधकर क्रूरता पूर्वक भरे हुये पाये गये। चालक ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनजेड 6928 व उसके साथी का कृत्य धारा 4 (1) म.प्र. कृषक पशु परीक्षण अधिनियिम, 4/9, 6/9 म.प्र. गौवंश वध प्रतिशेध अधिनियम 2004, 11(घ) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का दण्डनीय पाया जाने से उक्त पंचान सदर के समक्ष उक्त ट्रक व नटवा (गाय के बछड़ा व एक गाय) 51 नग को विधिवत जप्त किया गया। आरोपी क्लीनर की तलाश किया नहीं मिला, बाद ट्रक से उक्त बछड़ो व गाय को उतारकर कुल 51 नग का पंचनामा तैयार कर सुरक्षार्थ हेतु संत सुधा सागर गौशाला सिरोंज को सुपुर्द किया। बाद गिरफ्तार शुदा आरोपी को न्यायालय पेश किया गया।

### ओपीडी और अन्य जगहों पर एसी लगाने के साथ एयर कुलर की हो रही व्यवस्था



**विदिशा।** जिल अस्पताल में तेज गर्मी के चलते मरीजों की तादाद लगातार बढ़ रही है। ऐसे में मरीजों की सुविधा और गर्मी से निजात दिलाने के लिए खासतौर पर हीट वेब से आए मरीजों को कुछ राहत मिल सके इसके लिए एयर कूलर और एसी लगाए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। सिविल सर्जन डॉक्टर शिरिष रघुवंशी ने बताया कि मरीजों की तादाद बढ़ता देख 20 पलंग की और व्यवस्था की गई है, अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी लगातार निरीक्षण किया जा रहे हैं। कुछ जगहों पर एसी और एयर कूलर भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में आए मरीजों को कोई परेशानी न हो ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द से जल्द यहां व्यवस्थाएं जुटा ली जाएंगी ताकि मरीजों को परेशानी न हो।

### शत प्रतिशत मतदान हो इसको लेकर उपायुक्त ने दिलाई शपथ



**देवास।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मे स्वीप गतिविधि अन्तर्गत शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर निगम कार्यालय मे मतदाताओं को 13 मई को होने वाले मतदान के प्रति जागरूक किये जाने हेतु उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के द्वारा निगम अधिकारियों व कर्मचारियों व नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। मतदाताओं को जागरूक किये जाने हेतु मतदान है हमारा अधिकार आओ मिलकर करें हम मतदान अंकल, आंटी मान जाओ वोट डालोगे कसम खाओ, चाहे नर हो या नारी मतदान हम सब की जिम्मेदारी आदि सहित अन्य स्लोगनों के माध्यम से मतदाओं को शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर निगम राजस्व अधिकारी प्रदीप शास्त्री, समग्र अधिकारी राघवेन्द्र सेन, अरूण तोमर, राजेश जोशी आदि सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**विदिशा।** जिला अस्पताल में शनिवार को नटेरन से तकरीबन 45 वर्षीय हल्के सिंह जाटव को रेफर कर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं परिवार के सदस्यों ने बताया कि शुक्रवार की रात में शराब पीकर हल्के घर आया था। रात में कई उल्टियां हुई, तबीयत बिगड़ी। घर पर ही डॉक्टर को बुलाकर पहले जांच कराई और इलाज कराया। उसके बाद वह बेहोश हो गया, उसके बाद शनिवार की सुबह नटेरन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां आने पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं आशंका व्यक्त की जा रही है कि शराब के साथ कुछ जहरीला पदार्थ हल्के ने खाया था। वहीं डॉक्टर का कहना है की मौत की सही वजह पीएम रिपोर्ट में सामने आ पाएंगी।

### बीएनपी को कई सौगात देने पर निदेशक वित्त श्री अग्रवाल का किया सम्मान



**देवास।** बैंक नोट प्रेस देवास को कई सौगाते देने पर कॉरपोरेट ऑफिस दिल्ली के निर्देशक वित्त डायरेक्टर फाइनेंस अजय अग्रवाल का बीएनपी सेवा समिति द्वारा बीएनपी के मुख्य महाप्रबंधक एस महापात्रा, महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा के आतिथ्य में शाल, श्रीफल, पगड़ी पहनाकर पुष्प मालाओं से सम्मान किया गया। मुख्य महाप्रबंधक श्री महापात्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री अग्रवाल द्वारा देवास यूनिट को अब तक कई सौगाते दी गई है। इसी का परिणाम है कि आज देवास यूनिट 9 यूनिट में शिखर पर बरकरार हैं। बीएनपी द्वारा नोटों की गुणवत्ता, नोट उत्पादन, के साथ-साथ दिव्यांगों, असहायों को ठंड के समय में ऊनी वस्त्र प्रदान करना जैसे मानव सेवा के भी कार्य किए जा रहे है, जो प्रेरणादायी है। गांवों को गोद लेकर उन गांवों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने जैसे कई कार्य किए गए हैं। जिसमें दिल्ली कॉरपोरेट ऑफिस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। अजय अग्रवाल ने कहा कि बीएनपी के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा बीएनपी के मुख्य महाप्रबंधक एस महापात्रा के मार्गदर्शन में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं जो सराहनीय है। इस अवसर पर महाप्रबंधक केदारनाथ महापात्रा, जेजीएम विवेक सिंह, प्रशांत महाजन सुनील दुपारे, परीक्षित जोशी, दीपक पडवाल, अनिल कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव बीएनपी सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, कैलाश परमार, जयप्रकाश सोनी, ह्रदयेश गहलोत, रमेश विश्वकर्मा सहित कर्मचारी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तौल कर लें रसोई गैस सिलेंडर वरना चूना लगना तय

**शिवपुरी।** शहर में गैस एजेंसी द्वारा हॉकर्स के जरिए शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती है। अमूमन कोई भी उपभोक्ता घर में एलपीजी गैस सिलेंडर लेते वक्त सिलेंडर को तौल कर नहीं लेता। उपभोक्ताओं द्वारा बरती जा रही इसी लापरवाही का फायदा गैस एजेंसी उठा रहीं हैं या फिर एलपीजी गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले हॉकर्स। यही वजह है कि घरों में पहुंचने वाले सिलेंडर में दो से चार किलो तक गैस कम पहुंच रही है। अभी हाल ही में गौ शाला के एलपीजी गैस सिलेंडर में गैस कम मिलने का एक मामला सामने आया है। जहां पीएचई के कर्मचारी देवेंद्र कुमार ओझा की अनुपस्थिति में एक एजेंसी का डिलीवरी पर्सन उनके यहां गैस सिलेंडर सप्लाई करने आया। देवेंद्र की पत्नी ने दो गैस सिलेंडर ले लिए। जब गैस सिलेंडरों में वजन कम लगा तो उन्होंने चक्की पर गैस सिलेंडरों को तुलवाया तो उनमें गैस कम निकली। गैस एजेंसी की चोरी पकड़ने के लिए देवेंन्द्र ओझा ने फिर से गैस सिलेंडर बुक किए। शुक्रवार को जब डिलीवरी पर्सन गैस सिलेंडर सप्लाई करने आया तो देवेंद्र ओझा घर के अंदर ही रहे और उनकी पत्नी ने निर्धारित रणनीति के तहत उन्हीं सिलेंडर की डिलेवरी ले ली, जो डिलेवरी पर्सन द्वारा दी गई। इसके बाद देवेंद्र ओझा ने डिलेवरी पर्सन से चारों गैस सिलेंडर तुलवाए। प्रत्येक सिलेंडर में दो से तीन किलो तक गैस कम थी। इसके अलावा वाहन में रखे सभी गैस सिलेंडरों की सील टूटी हुई थी।

### देवर ने भाभी को लाठी से पीटा जिला अस्पताल में भर्ती

**शिवपुरी।** मायापुर थाना क्षेत्र के चिरवाई गांव में बकरी बांधने की रस्सी के बारे में पूछने पर गुस्साए देवर ने अपनी भाभी की लाठी से पिटाई कर दी। जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महिला के पति की शिकायत पर मायापुर थाना पुलिस ने आरोपी देवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जिला अस्पताल में उपचार करा रही रामकुमारी प्रजापति ने बताया कि वह हर रोज अपनी बकरियों को बाड़े में रस्सी से अपनी बकरियों को बांधती थी। शुक्रवार शाम में जब बकरियों को बांधने के लिए बाड़े में पहुंची तो मुझे मौके पर रस्सी नहीं मिली। जब रस्सी के बारे में मैंने देवर अतर सिंह से पूछा तो मेरा देवर अतर सिंह भड़क गया और उसने मेरी लाठियों से जमकर मारपीट कर दी। मेरे पति रामकिशन प्रजापति ने आकर मुझे बचाया और अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रामकिशन प्रजापति की शिकायत पर अतर सिंह प्रजापति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

## राजस्थान के रहने वाले हैं तीनों बाइक सवार

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कोलारस थाना क्षेत्र के भड़ौता रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने से भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए कोलारस के स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। बता दें कि दोनों बाइक सवार राजस्थान के रहने वाले हैं जो अपने-अपने काम से कोलारस आए हुए थे।

आज शनिवार की सुबह भड़ौता रोड़ पर पुलिया के पास दो भाइकों की भीषण भिड़ंत हो गई थी। इस घटना में राजस्थान के जयपुर जिले के सिरसिया के रहने वाले 24 वर्षीय अनवर पुत्र गुलाब खान की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है कि अनवर कंबल बेचने का काम करता है। जो गांव की दुकानों से भुगतान लेकर वापस लौट रहा था। वहीं इस घटना में दूसरी बाइक पर सवार राजस्थान के कस्बाथाना के रहने वाले रवि पुत्र



रामदयाल जाटव (34) और रामदयाल पुत्र डब्लू जाटव (72) गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि पिता-पुत्र कोलारस तहसील काजीखेड़ी गांव गमी में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## चौकीदार ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**शिवपुरी।** सतनवाड़ा थाना क्षेत्र सतनवाड़ा कला के बालिका छात्रावास में शनिवार सुबह चौकीदार का शव गार्ड रूम में लटका मिला। आशंका जाहिर की जा रही है कि मृतक चौकीदार ने फांसी पर लटक कर अपनी जान दी है। बताया जाता है कि वह अपनी बीमारी से परेशान था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सतनवाड़ा कला निवासी कमरलाल धाकड़ गांव के बालिका छात्रावास में चौकीदारी का काम करता था। वह तथा उसकी पत्नी का स्वास्थ्य खराब रहता था। पैसों के अभाव में वह न तो खुद का और न ही अपनी पत्नी का इलाज करा पा रहा था। इसलिए आशंका है कि उसने परेशान होकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया कि आज सुबह छात्रावास पर कमरलाल धाकड़ का बेटा और भांजा पहुंचा था। जहां उन्हें कमरलाल फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना के बाद शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया जा रहा है। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

शादी की तारीख से दो दिन पहले टूटी थी सगाई

# लड़की वालों से सामान लेने निकला युवक लापता

## पुलिस ने गुमशुदगी का मामला किया दर्ज

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र के दुल्हारा गांव का रहने वाला एक 19 वर्षीय युवक अचानक से लापता हो गया। बताया जा रहा है कि सगाई टूटने के बाद युवक मंगेतर के घर से सामान वापस लेने को कहकर घर से निकला था। जो लौट कर घर नहीं पहुंचा। लापता हुए युवक के पिता ने इसकी शिकायत बैराड़ थाने में दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है।

राकेश पुत्र कमर लाल जाटव (42) ने बैराड़ थाने पहुंचकर बताया कि उसके बड़े लड़के राम अवतार का शादी-संबंध बेहवलपुर गांव के रहने वाले राम स्वरूप जाटव की लड़की से तय हुआ था। रामावतार की सगाई भी हो चुकी थी। सगाई में होने वाली बहू को रकम सहित नगदी उपहार स्वरूप दिए गए थे। शादी की तारीख 17 अप्रैल 2024 तय हुई थी। हालांकि, शादी के दो रोज पहले 15 अप्रैल को लड़की वालों ने शादी कैंसिल कर सगाई तोड़ दी थी।

### किसी अनजान लड़की के फोन के बाद टूटी थी सगाई

राकेश जाटव ने बताया कि शादी के दो रोज पूर्व लड़की पक्ष के लोगों ने शादी कैंसिल कर दी थी। लड़की वालों ने बताया कि उनके पास किसी अनजान लड़की का फोन आया था और शादी न करने की बात कहते हुए कई प्रकार की बातें कही थीं। इसी के चलते वह शादी तोड़ रहे हैं। राकेश ने बताया कि लड़की वालों से उन्होंने सगाई में दिए हुए सामान को वापस लौटाने की बात की थी। हालांकि, लड़की वाले सामान देने को राजी नहीं हो रहे थे। इसके बाद समाज के लोगों के बीच बातचीत में लड़की वाले सामान देने राजी हो गए थे। 10 मई को रामावतार को सामान लेने के लिए लड़की वालों ने बेहवलपुर बुलाया था। लेकिन इसके बाद रामावतार का कोई सुराग नहीं लग सका है। लड़की वालों ने भी रामावतार के गांव आने से साफ इनकार कर दिया है। उन्हें रामावतार के साजिश का शिकार होने का अंदेशा है। गौरतलब है कि बैराड़ थाना पुलिस ने रामावतार जाटव की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# आखातीज पर जैन धर्मावलम्बियों ने राहगीरों को पिलाया गन्ने का रस

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

> आखातीज पर प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव ने एक वर्ष की तपस्या के बाद इक्षुरस से किया था पारणा

आखातीज का जैन संस्कृति में भी विशेष महत्व है। प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) ने एक वर्ष की तपस्या के पश्चात आखातीज पर इक्षुरस (गन्ने का रस) से पारणा कर अपने उपवास की पूर्णाहुति की थी। इसी उपलक्ष में श्वेताम्बर जैन समाज ने आखातीज पर जय दुर्गे टॉकीज के पास गुजर रहे सभी राहगीरों को इक्षुरस (गन्ने का रस का) पिलाया। प्रतिवर्ष आखातीज पर भगवान ऋषभदेव के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था को व्यक्त करने के लिए जैन समाज के अनेक लोग तपस्या कर इक्षुरस



से तपस्या की पूर्णाहुति करते हैं और सभी को गन्ने का रस पिलाते हैं। अक्षय तृतीया के उपलक्ष में इंदरमल, तेजमल सांखला परिवार की तरफ गन्ने के रस का वितरण किया गया।

श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला, अजय सांखला, लाभचंद जैन, विजय पारख, तिलोक काष्टया आदि ने बताया कि भगवान ऋषभ देव ने एक साल की तपस्या करने के बाद वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अर्थात अक्षय तृतीया के दिन इक्षुरस से अपनी तपस्या का पारणा किया था। इसलिए जैन समुदाय में आखातीज का विशेष महत्व माना जाता है। जैन मान्यता है कि पूर्णता प्राप्त करने से पूर्व तक तीर्थंकर मौन रहते हैं। अतः आदिनाथ को एक वर्ष तक भूखे रहना पड़ा। इसके बाद वह अपने पौत्र श्रेयांश के राज्य हस्तिनापुर पहुंचे, जहां श्रेयांश ने उन्हें गन्ने का रस भेंट किया। वह दिन आज भी अक्षयातृतीय के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन गन्ने का रस पीकर जैन धर्मावलम्बि अपना उपवास तोड़ते हैं।

# दूध के दामों में वृद्धि ग्राहकों का शोषण: ग्राहक पंचायत

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

शिवपुरी शहरी क्षेत्र में दूध दामों में डेयरी संचालकों द्वारा पांच रुपए की वृद्धि करने पर ग्राहक पंचायत शिवपुरी द्वारा सख्त प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए इसे ग्राहकों का शोषण बताया है। दूध के बढ़े दामों पर प्रशासन के मौन को लेकर भी रोष व्यक्त किया है।

> शहरी क्षेत्र में बढ़े दूध के दाम

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र रघुवंशी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश शर्मा ने बताया कि शिवपुरी शहरी क्षेत्र में दूध डेयरी संचालकों एवं दूधियों द्वारा आपसी साठगांठ कर दूध के दामों में सीधे 5 रुपए की वृद्धि कर दी है। जिससे ग्राहकों पर आर्थिक भार बढ़ गया है, जबकि पीना, खली आदि के दामों में कोई वृद्धि नही हुई है, बल्कि डीजल व पेट्रोल के दाम घट गए हैं। अखिलेश शर्मा ने बताया कि दूध का वितरण आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं तद्उपरांत परिवर्तित नियमन 2020 के तहत आता है। जिसमें धारा 3 उप धारा

## प्रशासन मौन, ग्राहक पंचायत ने जताया रोष



(1)(ग) एवं (च) में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि शासन को वस्तुओं के उत्पादन, विपणन, वितरण एवं स्टाक पर नियंत्रण करने का अधिकार है, जिसमें कीमतें भी शामिल हैं। डेयरी संचालकों द्वारा प्रशासन की स्वीकृति के बिना ही दूध की कीमतों में इजाफा करना अवैधानिक है, लेकिन प्रशासन का इस संदर्भ में मौन सवालिया निशान खड़े कर रहा है। ग्राहक पंचायत ने कहा है कि दूध के दामों में वृद्धि मिलावटी दूध की खपत बढ़ाने के लिए किया गया है। ग्राहक पंचायत द्वारा पूरे प्रदेश के साथ शिवपुरी में गर्मी के मौसम में मिलावटी दूध सप्लाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाने तथा इस पर अंकुश लगाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया था। ग्राहक पंचायत ने दूध के दामों में वृद्धि के विरुद्ध शंखनाद करते हुए डेयरी संचालकों को बढ़े हुए दाम वापस लेने मांग की है, साथ ही जिला प्रशासन से इस मामले तत्काल हस्तक्षेप करने की भी मांग की गई है।

# शीला दुधेरिया की स्थानक तप आराधना की पूर्णाहुति के उपलक्ष में हुए धार्मिक कार्यक्रम

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

जैन धर्म में सबसे कठिन तपस्या मानी जाने वाली स्थानक तप आराधना की तपस्या स्व. रंजीत सिंह दुधेरिया की पुत्र वधु एवं उम्मेद सिंह दुधेरिया की धर्मपत्नी शीला दुधेरिया ने पूर्ण की, जिससे उनके पूरे परिवार में हर्ष का वातावरण है। तपस्या की पूर्णाहुति के उपलक्ष में दुधेरिया परिवार ने दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें जैन श्वेताम्बर मंदिर में दादा गुरूदेव का पूजन, सांयकाल नाकौड़ा भैरव देव की भक्ति का संगीतमय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके लिए राजस्थान से पधारे अरिहंत काकड़िया की भजन मंडली ने धूम मचाई। धार्मिक कार्यक्रमों में दोनों दिन प्रसिद्ध जैन संत आगमवेता श्री विकसित मुनिश्री महाराज साहब की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। दूसरे दिन नक्षत्र



रिसोर्ड में सुबह 8 बजे से स्नात पूजन और इसके पश्चात बीस स्थानक पूजन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें जैन समाज के अलावा बाहर से पधारे अनेक गणमान्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम में पधार कर उसकी गरिमा बढ़ाई। दोनों दिन धार्मिक आयोजनों के पश्चात साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन हुआ। शीला दुधेरिया की तपस्या के उपलक्ष में दुधेरिया परिवार द्वारा श्वेताम्बर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चांदी का कलश, दो चांदी के चवर और 2100 रुपए जीव दया में भेंट किए गए। इसके लिए श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला ने उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## मोबाइल लेकर भाग रहे चोर को लोगों ने पकड़ा

**शिवपुरी।** जिला अस्पताल के वार्ड से अटेंडर के पैसे और मोबाइल चोरी कर भागते एक चोर को अस्पताल में लोगों ने पकड़ लिया। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने चोर के साथ मारपीट कर दी। साथ ही चोर का जुलूस निकालने हुए कोतवाली ले जाया गया। जहां कोतवाली पुलिस चोरी के आरोप में पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। मायापुर थाना क्षेत्र के बनियानी गांव की रहने वाली सुनीता आदिवासी ने आरोप लगाते हुए बताया कि एक युवक अस्पताल के वार्ड में आया और उसके पति की जेब से 5 हजार रुपए और मोबाइल चोरी कर भागने लगा। उसका चीखते-चिल्लाते हुए पीछा किया, जहां अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने चोर को पकड़ लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने चोर को पकड़कर उसे पीट दिया। फिर बाद उसे कोतवाली तक पैदल लेकर पहुंचे।

# प्रशिक्षण शिविर बच्चों को स्वावलंबी बनाने में मदद करेगा: सिंघल

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

कोई भी प्रशिक्षण हो यदि वह हासिल कर दिया जाता है तो निश्चित रूप से उससे दक्षता हासिल होती है, और हम बच्चों का एक नया भविष्य तैयार करते हैं। इसी तरह का कार्य अग्रवाल मित्र मंडल एवं महिला मित्र मंडल के द्वारा भी 30 वर्षो से किया जा रहा है। निश्चित रूप से यह निःशुल्क प्रशिक्षण इन बच्चों के लिए स्वावलंबी बनाने में अहम योगदान देगा। यह बात वार्ड 37 से पार्षद गौरव सिंघल ने स्थानीय अग्रसेन भवन परिसर में आयोजित अग्रवाल मित्र मंडल एवं महिला मित्र मंडल के द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। इस अवसर पर प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता मथुरा प्रसाद गुप्ता ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि जीके बंसल एवं अध्यक्षता अग्रवाल मित्र मंडल सुशील अग्रवाल, महिला मित्र मंडल मंजू गोयल मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ तत्पश्चात अतिथियों का माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी अग्रवाल मित्र मंडल अध्यक्ष सुशील अग्रवाल के द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम में पांच विधाओं में निःशुल्क प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों संगीता राठौर, शशि मंगल, गुनगुन गुप्ता, कुमकुम राठौर का माल्यार्पण करते हुए उनकी अनुकरणीय सेवाओं के प्रति आभार माना और स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल मित्र मंडल एवं महिला मित्र मंडल के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिसमें सचिव सीताराम अग्रवाल, सह सचिव अशोक सिंघल, कोषाध्यक्ष हरि कृष्ण अग्रवाल, उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनिल गुप्ता, महिला मित्र मंडल सचिव साधना गोयल, से सचिव डोली मित्तल, उपाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# एक घंटे तेज आंधी और बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

> लोगों को तेज गर्मी से मिली राहत

शिवपुरी में शुक्रवार रात एकाएक बारिश से मौसम सुहाना हो गया। बारिश होने से पहले करीब एक घंटे तक शहर में धूल भरी आंधी चलती रही। इसके बाद रात 10 बजे से बारिश की शुरुआत हुई। इसके बाद करीब एक घंटे तक बूंदाबांदी तो बीच-बीच में हल्की बारिश होती रही।

बता दें कि दोपहर का तापमान लगातार कुछ दिनों से 40 डिग्री को पार कर रहा था। दिन भर की चिलचिलाती गर्मी के बाद शुक्रवार रात साढ़े बजे एकाएक मौसम में बदलाव हो गया था। धीरे-धीरे हवा चलना शुरू हुई, इसके बाद हवा ने आंधी ने रूप धारण कर लिया था। इसके बाद धूल भरी आंधी करीब एक घंटे तक चलती रही फिर रात 10 बजे से बारिश होना शुरू हो गई थी। शुक्रवार को हुई बारिश के चलते पारे में गिरावट देखने को मिली है। आज सुबह की शुरुआत गर्मी राहत वाली हुई है। भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि तीन वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और हवा का रुख बदला होने की वजह से ऐसा मौसम है। प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश का दौर चल रहा है। 14 मई तक मौसम बदला रहेगा। प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने का भी अनुमान है, इसलिए बादलों की गरज-चमक के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

**आयोजन** — रक्त दाताओं ने मानवता की मिसाल पेश की: एसपी राठौड़

# रक्तवीरों का सम्मान करना भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की अनुकरणीय पहल: जिलाधीश

**नगर संवाददाता, शिवपुरी**

शिवपुरी। रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेट की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में विश्व रेडक्रास दिवस मनाया जाता है। इसी तारतम्य में शिवपुरी रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्तदाताओं और शहर की समाजसेवी संस्थाओं के सम्मान में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, अध्यक्ष और अतिथियों द्वारा श्रीगणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच पर मुख्य अतिथि जिलाधीश रविन्द्र कुमार चौधरी, वाइस चेयरमैन आलोक एम इंदौरिया, कार्यक्रम के अध्यक्ष पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, सीआरपीएफ कमांडेंट डॉ. खान साहब, रेडक्रॉस सचिव समीर गांधी उपस्थित थे।



रक्त वीरों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवपुरी जिलाधीश रविन्द्र कुमार चौधरी ने रक्तदाताओं और शहर की समाजसेवी संस्थाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्त दान महादान है, इससे बड़ा पुनीत कार्य कोई हों ही नहीं सकता है, इससे आप व्यक्ति की जान बचाने का काम ही नहीं बल्कि उनको नया जीवन देने का कार्य करते हैं। जिलाधीश श्री चौधरी ने रेड क्रॉस सोसायटी की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्त वीरों का सम्मान करना भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की अनुकरणीय पहल है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी की रेड क्रॉस सोसायटी इस क्षेत्र में निरंतर बहुत ही उल्लेखनीय और उत्कृष्ट कार्य कर रही है।


वाइस चेयरमैन आलोक एम इंदौरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्त वीर ही असल मायने में हमारे हीरो हैं, जो व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करते हैं। श्री इंदौरिया ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप ऐसे ही लोगों की सहायता करते रहें, आपके मान सम्मान के लिए भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी तैयार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्त दान जीवन दान है। रक्त दाताओं ने मानवता की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर जिलाधीश रविन्द्र कुमार चौधरी, पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़, वाइस चेयरमैन आलोक एम इंदौरिया, सीआरपीएफ कमांडेंट डॉ. खान साहब, सचिव समीर गांधी, कार्यक्रम के संयोजक पंकज भंडावत, कार्यक्रम सफल संचालन लवलेश जैन चीनू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि गोयल, संतोष शिवहरे, राहुल गोयल, नमन विरमानी, गगन अरोरा, राजेन्द्र गुप्ता, हरवीर सिंह चौहान का विशेष योगदान रहा। शिवपुरी के इतिहास में रक्त वीरों के सम्मान में का अब तक का सबसे भव्य और गरिमामय कार्यक्रम था, इसकी प्रशंसा खुद उपस्थित रक्तदाताओं ने मुक्तकंठ से की।

### 250 रक्त वीरों का किया सम्मान

भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी ने रक्तदाताओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम में 250 रक्त वीरों और शहर 26 समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों का माल्यार्पण कर शॉल, स्मृति चिह्न भेंट कर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## सुविचार

**अनुभव-प्राप्ति के लिए काफ़ी मूल्य चुकाना पड़ सकता है पर उससे जो शिक्षा मिलती है वह और कहीं नहीं मिलती।**



## संपादकीय

# अनुत्तरित अहम सवाल

महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या मामले में कई अहम सवालों के जवाब अभी नहीं मिल पाए हैं। कल सुप्रीम कोर्ट ने इस केस में आरोपियों को दोषी करार दिया है। महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या के करीब 11 साल बाद आया विशेष अदालत का फैसला कम से कम यह संतोष देता है कि इस मामले में न्याय प्रक्रिया का एक चक्र पूरा हुआ।

हालांकि कई अहम सवालों के जवाब अभी भी नहीं मिले हैं। लिहाजा यह नहीं कहा जा सकता कि यह प्रकरण अपनी तार्किक परिणति तक पहुंच गया। 20 अगस्त 2013 की सुबह हुई डॉ. दाभोलकर की हत्या ने अगर पूरे देश को सकते में डाल दिया था, तो वह बेवजह नहीं था। माना गया कि उनकी हत्या उनके विचारों को दबाने के मकसद से की गई है। उसके बाद फरवरी 2015 में गोविंद पानसारे, अगस्त 2015 में एम एम कलबुर्गी और सितंबर 2017 में हुई गौरी लंकेश की हत्या को इसी श्रेणी में रखकर देखा जा रहा था।

शुरुआती जांच में कुछ ऐसे बिंदु मिले भी थे जिनसे लगता था कि कहीं न कहीं इन हत्या की साजिशों के तार एक-दूसरे से जुड़े हैं। इस लिहाज से भी नरेंद्र दाभोलकर हत्या से जुड़े इस मामले पर सबकी नजरें टिकी थीं। लग रहा था कि अदालत में अगर इन साजिशों की परतें खुलें और कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचे तो देश में अपनी तरह के इन हत्याकांडों के पीछे की सचाई सामने आएगी।

अदालत में उन दो लोगों के खिलाफ दोष साबित हो गया, जिन्होंने 20 अगस्त 2013 की सुबह डॉ. दाभोलकर पर गोलियां चलाई थीं। लेकिन सवाल यह है कि आखिर इन लोगों ने यह हत्या की क्यों? क्या इनकी डॉ. दाभोलकर से कोई निजी दुश्मनी थी? सीबीआई के मुताबिक हत्या का कारण वैचारिक टकराव था। अभियोजन पक्ष ने हत्या की साजिश के मामले में तीन अन्य लोगों को आरोपी बनाया था। लेकिन जांच एजेंसियां इन आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं जुटा सकीं।

जाहिर है, कमजोर जांच-पड़ताल की वजह से हत्या के पीछे की साजिश उजागर नहीं हो सकी। हत्या के पीछे कोई दूसरा ठोस, तर्कसंगत कारण भी स्थापित नहीं हो पाया। नतीजा यह कि हत्या करने वालों को सजा सुना दिए जाने के बाद भी, देश इस बात को लेकर अंधेरे में है कि आखिर इस हत्या के पीछे किन लोगों की और कैसी साजिश थी। इसी वजह से यह सवाल भी अनुत्तरित ही है कि उसके बाद हुई तीन हत्याओं गोविंद पानसारे, एम एम कलबुर्गी और गौरी लंकेश की को एक साथ जोड़कर देखने का कोई ठोस आधार है या नहीं। क्या इन चारों हत्याओं की साजिश के पीछे एक ही संगठन से जुड़े समान सोच वाले लोगों का हाथ था? जाहिर है, ठोस जवाब के अभाव में ऐसी हत्याओं तक ले जाने वाले कारकों से निपटने के तरीके ढूंढना भी आसान नहीं होगा।

# प्रकृति की श्रेष्ठतम कृति है मां

मां भगवान का दिया हुआ सबसे बड़ा आशीर्वाद हैं। एक मां का अपने बच्चों के प्रति जो नि:स्वार्थ प्रेम होता है, उसकी तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती है।

मदर्स डे: हर साल मई के दूसरे संडे को मदर्स डे पूरी दुनिया में काफी खास और अनोखे तरीकों से मनाया जाता है। इस वर्ष ये खास दिन 12 मई को है। यह दिन सभी माताओं को सम्मान और उनका आभार जताने का खास अवसर होता है। बता दें। 'मां' वह शब्द हैं जो दुनिया के हर इंसान के लिए सबसे खास है। मां और बच्चों का रिश्ता सबसे प्यारा होता है। मां का प्यार वह ईंधन है जो एक सामान्य इंसान को असंभव काम करने में सक्षम बनाता है। जिससे उसकी गाड़ी सफलता की पटरी पर दौड़ने लगती है। हम सभी के जीवन में मां का स्थान सबसे उपर होता है। क्योंकि, मां वो पहली गुरु होती हैं जिन्होंने हमें चलना, बोलना और प्यार करना सिखाया।

### कई मान्यताएं हैं

मदर्स डे को लेकर कई मान्यताएं हैं। कुछ का मानना है कि मदर्स डे के इस खास दिन की शुरुआत अमेरिका से हुई थी। लोगों के मुताबिक, वर्जिनिया में एना जार्विस (ददं डंतपं श्रंतअपे) नाम की महिला ने मदर्स डे की शुरुआत की थी। कहा जाता है कि एना अपनी मां से बहुत प्यार करती थी और उनसे बहुत प्रेरित थी। उन्होंने ना कभी शादी की और ना उन्हें कोई बच्चा था। मां के निधन के

**मां पल-पल जितने बलिदान अपने बच्चें के लिए देती है उसका शुक्रिया करने लिए एक दिन तो क्या बल्कि पूरी उम्र कम है, लेकिन फिर भी एक खास दिन को मां के नाम कर दिया गया है। इस साल यह खास दिन 12 मई को मनाया जा रहा है। यह दिवस लोगों को अपनी मां के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार करने का मौका देता है। ज्यादातर देशों में मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। लेकिन कई देशों में इस खास दिन को अलग-अलग तारीखों पर भी मनाया जाता है।**

## मदर्स-डे पर विशेष

बाद प्यार जताने के लिए उन्होंने इस दिन की शुरुआत की। फिर धीरे-धीरे कई देशों में मदर्स डे मनाया जाने लगा। ईसाई समुदाय के लोग इस दिन को वर्जिन मेरी के दिन के रूप में भी मानते हैं। बता दें, इसके अलावा यूरोप और ब्रिटेन में भी मां को सम्मानित करने के लिए तमाम प्रथाएं प्रचलित है जिसके तहत किसी खास रविवार को मदरिंग संडे के रूप में मनाया जाता है।

### ग्रीस से हुई थी मदर्स डे की शुरुआत

इससे जुड़ी एक और कहानी है जिसके अनुसार, मदर्स डे की शुरुआत ग्रीस से हुई थी। ग्रीस के लोग अपनी मां का बहुत सम्मान करते हैं। इसलिए वो इस दिन उनकी पूजा करते थे। मान्यताओं के अनुसार, स्यबेसे ग्रीक देवताओं की माता थीं और मदर्स डे पर लोग उनकी पूजा करते थे। मां का सभी के जीवन में योगदान अतुलनीय है। फिर चाहे ऑफिस और घर दोनों जगह में संतुलन क्यों ना बनाना पड़ा हो, मां ने कभी भी अपनी जिम्मेदारियों से मुंह नहीं मोड़ा है। दुनिया में हर रिश्ते का कोई दूजा विकल्प हो सकता है लेकिन मां का नहीं। उसकी जगह ना आजतक किसी ने ली थी ना भविष्य में ही कोई ले पाएगा, यहां तक कि खुदा भी नहीं। कहते है खुदा ने भी मां को इसलि, बनाया क्योंकि वह खुद हर जगह अपनी मौजूदगी कायम नहीं रख सकता। बता दें, इस दिन को औपचारिक मान्यता तब मिली जब 1914 को अमेरिकी राष्ट्रपति व्रुडो विल्सन ने एक कानून पारित किया, जिसमें लिखा था कि मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाएगा। इसी के बाद से चीन, भारत समेत कई देशों में ये खास दिन मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने लगा।



### मदर्स डे थीम

हर साल मदर्स डे से राष्ट्रीय महिला स्वास्थ्य सप्ताह शुरू होता है। यह महिलाओं और लड़कियों को अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने के लिए प्रोत्साहित करने का समय है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमानों के अनुसार, हर साल लगभग 3,00,000 महिलाओं की मौत गर्भावस्था और प्रसव के दौरान हो जाती है। यह संख्या 2000 और 2017 के बीच लगभग 35 फीसदी कम हो गई है, लेकिन अभी भी निराशाजनक रूप से अभी भी ज्यादा ही है। वैसे तो मां को प्यार करने और तोहफे देने के लिए किसी खास दिन की जरुरत नहीं, लेकिन फिर भी मदर्स डे के दिन मां को तमाम तरह के गिफ्ट्स भेंट कर सम्मान दिया जाता है। तो आप भी मदर्स डे के इस खास मौके पर अपनी मां के साथ समय बिताएं और वो सब करें जो आप व्यस्त होने की वजह से नहीं कर पाते।

### महत्व

मां की महत्ता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता इसलिए इसे एक पैराग्राफ या लेख में समेटना नामुमकिन है। मातृ दिवस का उद्देश्य अपने व्यस्त जीवन से एक दिन निकालकर अपने जीवन में अपनी अद्भुत माताओं की उपस्थिति को अपनाना है, जिनके बिना हम कुछ भी नहीं हैं, दुनिया अर्थहीन है और हमारा अस्तित्व असंभव है।

# स्वास्थ्य रक्षा में सबसे महत्वपूर्ण है नर्सों का योगदान

**योगेश कुमार गोयल**

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है।

**फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था।**

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष

# विज्ञान और धर्म संसार के दो शासक

समाज में धर्म और विज्ञान की भूमिका प्रभावशाली है। विज्ञान और धर्म के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर यह है कि पहले का संबंध प्राकृतिक दुनिया से है जबकि दूसरे का संबंध प्राकृतिक और अलौकिक दोनों संस्थाओं से है। विज्ञान तथ्यों की उचित प्रमाण एवं प्रमाण सहित व्याख्या करता है। यह हमेशा सवालों के जवाब देने के लिए तार्किक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करता है। धर्म लोगों को शक्ति पर निर्भर बनाता है और यह शक्ति प्राकृतिक या अलौकिक हो सकती है। यह हमेशा विश्वासों और विश्वासों पर निर्भर होता है। धर्म के अनुसार सब कुछ अज्ञात शक्ति के प्रभाव से होता है। जबकि विज्ञान सदैव तार्किक तथ्यों एवं प्रमाणों पर निर्भर रहता है। जब धर्म ने विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, तो विज्ञान ने खोजों के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

धर्म और विज्ञान के बीच संबंध को दुनिया में सबसे अधिक बहस वाले विषयों में से एक माना जा सकता है। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर कुछ तर्क संघर्ष पैदा करते हैं, जबकि अन्य सोचते हैं कि यह दो अलग-अलग संस्थाएं हैं जो दो अलग-अलग मानवीय अनुभवों से निपटती हैं। कुछ धार्मिक और वैज्ञानिक संगठनों का कहना है कि धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के बीच इस तरह के टकराव की कोई आवश्यकता नहीं है। धर्म और विज्ञान जटिल सामाजिक विषय हैं जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के अनुसार भिन्न हो सकते हैं। यह लेख हमें विज्ञान और धर्म की विभिन्न अवधारणाओं को देखने देता है और वे एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंध सद्भाव, जटिलता और संघर्ष की विशेषता है। समाज में व्यक्ति के विचारों को आकार देने में विज्ञान और धर्म की भूमिका महत्वपूर्ण है।


धर्म मान्यताओं, रीति-रिवाजों और परंपराओं का एक संग्रह है। इसे नियंत्रक शक्ति के प्रति पूजा भी कहा जाता है। धर्म सदैव ईश्वर पर केन्द्रित नहीं हो सकता। यह किसी भी प्रकार की शक्ति के प्रति समर्पण हो सकता है। विज्ञान की भाँति मध्यकाल में धर्म शब्द का भी कोई उचित अर्थ नहीं था। मानवविज्ञानी ईबी टेलर के साहित्यिक कार्यों के माध्यम से इसे अपना वर्तमान उद्देश्य प्राप्त हुआ। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्होंने दुनिया भर में धर्म का प्रतिनिधित्व करने के लिए इस शब्द का इस्तेमाल किया था। धर्म किसी समाज और व्यक्ति की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इसका असर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है।

विज्ञान को ज्ञान की खोज और अनुप्रयोग तथा प्रयोगों, अवलोकनों और उचित साक्ष्यों के माध्यम से दुनिया को समझने के रूप में परिभाषित किया गया है। पुराने काल में विज्ञान का अर्थ प्राकृतिक दर्शन या प्रयोगात्मक दर्शन था। इसका सटीक सन्दर्भ उन्नीसवीं शताब्दी में आया और प्रयोग किया गया। विलियम व्हीवेल ने वैज्ञानिक शब्द का मानकीकरण उन लोगों के रूप में किया जो विज्ञान के अभ्यासकर्ता हैं। संक्षेप में विज्ञान को संसार और उसके व्यवहार के प्रति जिज्ञासा माना जा सकता है। विज्ञान सदैव एक रहस्य है। प्रत्येक परीक्षा और खोज से विज्ञान में अधिक प्रश्न उत्पन्न होते हैं। प्राकृतिक दुनिया, इतिहास, दर्शन और धर्मशास्त्र का विश्लेषण करके विज्ञान और धर्म के बीच संबंध का अध्ययन किया जा सकता है। विज्ञान प्राकृतिक दुनिया की जांच और विश्लेषण करता है, जबकि धर्म आध्यात्मिक या अलौकिक रूप से दुनिया का विश्लेषण करता है। कई वैज्ञानिकों, धर्मशास्त्रियों, दार्शनिकों आदि ने कहा है कि विज्ञान और धर्म के बीच अन्योन्याश्रयता है। यह भी सच है कि धार्मिक तथ्य कई वैज्ञानिक तथ्यों को प्रभावित करते हैं। सबसे अच्छा उदाहरण यह है कि कुछ लोग अभी भी प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा विकास के सिद्धांत को अस्वीकार करते हैं और मानव अस्तित्व की धार्मिक मान्यता में विश्वास करते हैं। विज्ञान और धर्म के बीच संबंधों पर चर्चा एक संघर्ष में समाप्त होती है।

## आज की महत्वपूर्ण घटनाएं

1777 टेलीविजन पर पहला आइसक्रीम विज्ञापन (फिलिप लेनजी-न्यूयॉर्क गैजेट) दिखाया गया।
1780 ब्रिटिश सैनिकों ने चार्ल्सटन, दक्षिण कैरोलिना पर कब्जा कर लिया।
1839 समाजवादी कार्यकर्ता लुइस औगस्टी ब्लाक्की और सोएटेटे डेस सैसंस फ्रांस की सरकार के खिलाफ एक विद्रोह शुरू किया।
1865 अमेरिकी गृहयुद्ध के हथियारों की आखिरी बड़ी झड़प में, संघ की सेना ने टेक्सास के ब्रोव्सविले के रिओ ग्रांडेवेट के किनारे कॉन्फेडेरेट्स को लगा दिया।
1881 आक्रमण के खतरे के तहत, ट्यूनीस मुहम्मद तिसिया-सादिक की बे ने ट्यूनीशिया को फ्रेंचप्रोटेक्टोरेट बनाने के लिए बार्डो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1885 सस्काचेवान की अनंतिम सरकार को बटोच की लड़ाई में निर्णायक रूप से हटा दिया गया था, जिसके कारण तीन दिन बाद उत्तर-पश्चिम विद्रोह समाप्त हो गया था।
1902 पेंसिल्वेनिया में एन्थ्रेसाइट कोयला के एक लाख 40 हजार श्रमिकों ने हड़ताल की।
1921 पहला नेशनल हॉस्पिटल डे मनाया गया।
1926 इटालियन निर्मित अर्ध-कठोर एयरशिप नॉरगे ने 12 मई, 1926 को उत्तरी ध्रुव का पहला सत्यापित ओवरफ्लाइट पूरा किया। यह यूरोप और अमेरिका के बीच ध्रुवीय बर्फ की टोपी पर उड़ान भरने वाला पहला हवाई पोत भी था।
1926 ट्रेड्स यूनियन कांग्रेस, ब्रिटिश व्यापारों के एक संघ, ने घोषणा की कि वह अपनी सप्ताह भर की सामान्य हड़ताल [कोयला] खनिकों की मजदूरी और घंटों की अनिश्चितता को समाप्त करेगी।
1926 रोआल्डअमुनडसेन के नेतृत्व में हवाई पोत नॉरज के चालक दल, नॉर्थपोल के लिए एक सत्यापित यात्रा करने वाले पहले लोग बन गए।
1926 हवाई पोत नोर्गे उत्तरी ध्रुव पर उड़ान भरने वाला पहला पोत बना।
1932 विल्हेम ग्रोनर ने जर्मनी के रक्षामंत्री के पद से इस्तीफा दिया।


## राशिफल



**मेष राशि**: आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप चर्चा में रहेंगे। किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप अपने काम के साथ-साथ परिवार पर भी ध्यान दें। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।




**वृषभ राशि**: आज का दिन बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव लेकर आएगा। नौकरी कर रहे लोग आज प्रमोशन को लेकर चिंता करेंगे। नौकरी के लिए किसी दूर रह रहे परिजन से फोन काल के जरिए कोई शुभ सूचना मिल सकती है। संतान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।



**मिथुन राशि** : आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी संतान आज आपकी बिना मर्जी के कोई काम करेगी, जिस कारण आपका उनसे विवाद हो सकता है। यदि आपका कोई लड़ाई झगड़ा हो,तो आप उसे मिल बैठकर सुलझाएं। आज आपका काम में मन नहीं लगेगा।




**कर्क राशि**: आज का दिन आपके लिए खुशियों से सराबोर रहेगा। आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी छोटे-मोटे काम की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। आप यदि किसी यात्रा पर जाएं,तो उसमें अपने कीमती सामान की सुरक्षा अवश्य करें।



**सिंह राशि**: आज का दिन आपके लिए संपत्ति संबंधित मामले में अच्छा रहने वाला है। किसी सरकारी योजना में धन लगाना बेहतर रहेगा। आपके आसपास आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं,जिनकी आपको कोई परवाह नहीं करनी है।




**कन्या राशि**: आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने काम को छोड़कर किसी दूसरे के काम पर ध्यान देने से बचना होगा। आपको अपनी सेहत को बेहतर करने के लिए योग व व्यायाम को अपने दिनचर्या में बनाए रखना होगा।



**तुला राशि**: तुला राशि के जातकों के लिए आज दिन कुछ नए संपर्कों के माध्यम लाभ लेकर आएगा। आपको बिजनेस में अकस्मात लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको किसी काम के चलते यात्रा पर जाना पड़ सकता है,लेकिन पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा।




**वृश्चिक राशि**: आज आप भावुकता में कोई निर्णय न लें। आपका कोई संपत्ति खरीदना चाहते हैं तो पहले उसकी अच्छी तरह से जांच परख कर लें। आप धार्मिक कार्यों में भी बढ चढ़कर हिस्सा लेंगे और पूजा पाठ में भी आपकी रुचि रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।



**धनु राशि**: आज का दिन आपको अपनी दिनचर्या में किसी बदलाव को करने के लिए रहेगा। यदि कोई बदलाव करेंगे,तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी के साथ पार्टनरशिप में कोई काम ना करें। आपको खान-पान पर पूरा ध्यान दे होगा,जिससे आपको पेट संबंधित समस्याओं से भी राहत मिलेगी।



**मकर राशि**: आज का दिन आपके लिए सावधानी व सतर्कता बरतने के लिए रहेगा। यदि आपने किसी से मांग कर कोई वाहन चलाया,तो उसकी अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। विद्यार्थियों को किसी नए रिसर्च में शामिल होने का मौका मिलेगा।



**कुंभ राशि**: आज आप आवश्यक कामों को प्राथमिकता देंगे । आज इधर-उधर के कामों पर ध्यान ना लगाएं। जीवनसाथी से यदि रिश्ते में कुछ दूरियां चल रही थी,तो आपको उन्हें दूर करने की कोशिश करनी होगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई जिम्मेदारी भरा काम मिलेगा।




**मीन राशि**: अपनी जिम्मेदारियों पर ध्यान दें। आज आप अपने नए घर में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा। आपकी संतान के मन में कुछ उलझने रहेंगी,जिन्हें आप मिल बैठ कर दूर करने की कोशिश करें। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा।

## ज्ञानवाणी

# सच्चा साधु

महात्मा बुद्ध ने अपने शिष्यों को दीक्षा देने के बाद कहा,तुम जहां भी जाओगे, वहां तुम्हें अच्छे और बुरे दोनों प्रकार के लोग मिलेंगे। अच्छे लोग तुम्हारी बातें सुनेंगे और सहायता करेंगे। बुरे लोग तुम्हारी निंदा करेंगे और गालियां देंगे। तब तुम्हें कैसा लगेगा? एक गुणी शिष्य ने कहा,मैं किसी को बुरा नहीं समझता। कोई मेरी निंदा करेगा या मुझे गालियां देगा तो मैं समझूंगा कि वह भला व्यक्ति है क्योंकि उसने मुझे सिर्फ गालियां ही दीं, मुझ पर धूल तो नहीं फेंकी। बुद्ध ने पूछा,और यदि कोई तुम पर धूल फेंक दे तो? मैं उसे भला ही कहूंगा क्योंकि उसने धूल ही तो फेंकी, थप्पड़ तो नहीं मारा। और यदि कोई थप्पड़ मार दे तो क्या करोगे? मैं उन्हें बुरा नहीं कहूंगा क्योंकि उन्होंने मुझे थप्पड़ ही मारा, डंडा तो नहीं मारा। और कोई डंडा मार दे तो? मैं उसे धन्यवाद दूंगा क्योंकि उसने मुझे केवल डंडे से ही मारा, हथियार से नहीं। लेकिन मार्ग में तुम्हें डाकू भी मिल सकते हैं जो तुम पर घातक हथियार से प्रहार कर सकते हैं।



तो क्या? मैं तो उन्हें दयालु ही समझूंगा, क्योंकि वे मारते ही हैं, मार नहीं डालते और यदि वे तुम्हें मार ही डालें तो? शिष्य बोला,इस जीवन और संसार में केवल दुख ही है। जितना अधिक जीवित रहूंगा उतना दुख देखना पड़ेगा। जीवन से मुक्ति के लिए आत्महत्या करना तो महापाप है। शिष्य के वचन सुनकर बुद्ध बोले-तुम धन्य हो। वास्तव में तुम सच्चे साधु हो। सच्चा साधु किसी भी दशा में दूसरे को बुरा नहीं समझता। जो दूसरों में बुराई नहीं देखता, वही सच्चा परिव्राजक होने के योग्य है। मुझे विश्वास है तुम सदैव धर्म के मार्ग पर चलोगे।

# पुलिस ने किया अंधे हत्याकाण्ड का खुलासा, 3 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लाठी. डन्डा एवं रक्त रंजित कपड़े जब्त

**पन्ना ( नि.प्र. )**

पन्ना जिले देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते दिवस खेत में लगी प्याज की रखवाली कर रहे किसानों जिसमें खेत मालिक एवं बटाईदार पर अज्ञात लोगो द्वारा कुल्हाडी एवं लाठी डण्डो से जानलेवा हमला किया गया था जिसमें एक की मौत हो गई थी उक्त अंधे हत्याकाण्ड का देवेन्द्रनगर पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया है। इस जघन्य वारदात में शामिल आरोपियों में से 03 लोगो जिसमें 1. करन सिंह यादव पिता रनधीर सिंह यादव उम्र 34 साल निवासी सवाईगंज पुरवा, 2. धर्मेन्द्र सिंह यादव पिता महराज सिंह यादव उम्र 29 साल निवासी सवाईगंज पुरवा, 3. बृजेन्द्र सिंह यादव उर्फ मंजा यादव पिता थान सिंह यादव उम्र 20 वर्ष निवासी सवाईगंज पुरवा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाजर्ब, कुल्हाड़ी, लाठी.डन्डा एवं रक्त रंजित कपड़े जप्त किए गए हैं। पता चला है कि उक्त घटना खेत में घुसी भैसों के बिवाद को लेकर हुई। पुलिस द्वारा बताया गया है कि घटना में अज्ञात आरोपियों की मारपीट से घायल हुये शिवनारायण कुशवाहा निवासी रानीपुरा की मृत्यु हो जाने से मामले में धारा 307, 302 भादवि बढ़ाई गई थी । थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा मामले में 03 संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर उक्त तीनो संदेहियों द्वारा बताया गया कि घटना से करीब 15.20 दिन पहले हम तीनो लोग अपने एक अन्य साथी भान सिंह यादव के साथ अपनी भैसों को चराने के लिये छुलहर हार कोढ़नपुरवा गये थे हम लोगो की भैसे अयोध्या प्रसाद द्विवेदी के खेत में घुस गई थी। अयोध्या प्रसाद द्विवेदी व उसके साथी रामसजीवन कुशवाहा व छोटेलाल कुशवाहा ने हमारी भैसों को अपने खेत से बाहर खदेड़ दिया इसी बात पर से हम लोगो से वाद.विवाद हो गया था । हम लोगो ने आपस में मिलकर ये योजना तैयार की कि इन लोगो को सबक सिखाना है । हम लोगो को यह भी पता था कि ये लोग रात में अपने खेत में ही सोते है । भैसो को भगाने की बुराई पर से हम लोग घटना दिनांक को सभी एक राय होकर योजनानुसार अपनी भैसों को लेकर अयोध्या प्रसाद द्विवेदी के खेत में चराने लगे । तभी शिवनारायण कुशवाहा ने हमारी भैसो को खेत से खदेड़ दिया तो हम लोगो ने शिवनारायण कुशवाहा को जान से मारने की नीयत से कुल्हाड़ी एवं लाठी.डन्डो से मारपीट किये इसके बाद खेत में सो रहे अयोध्या प्रसाद द्विवेदी और छोटेलाल कुशवाहा के साथ भी मारपीट की । पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के बताये अनुसार मामले में तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लाठी. डन्डा एवं आरोपियों के रक्त रंजित कपड़ो को जप्त किया गया । मामले में आरोपी भान सिंह यादव फरार है जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है. विवेचना जारी है।




उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक अनूप यादव, उपनिरी श्रीकृष्ण मावई, सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, उनि राकेश सिंह बघेल, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, आदित्य कुशवाहा, बृजेश छारी, आर. संजय सिंह बघेल, दिलीप शर्मा, जीतेन्द्र अचाले, अमर सिंह परिहार, महिला आर. विद्या सिंह एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है ।

## संक्षिप्त समाचार

### एमपीटास पोर्टल पर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 मई तक

**पन्ना ( नि.प्र. )** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022.23 एवं 2023.24 के लिए ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किए जा सकेंगे। इस संबंध में जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यों को सूचित किया गया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

### जल निगम की टीम ने दिया प्रशिक्षण

**पन्ना ( नि.प्र. )** मध्य प्रदेश जल निगम भोपाल की टीम द्वारा गत शुक्रवार को जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में भौगोलिक सूचना प्रणाली के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा संचालित समूह योजना के सभी अवयवों की वास्तविक स्थिति को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के वेब पोर्टल के जरिए डाटा को शेप फ़ाइल बनाकर अपलोड करने के बारे में बताया गया जिससे जल निगम द्वारा क्रियान्वित समूह योजना की भौतिक प्रगति की मॉनिटरिंग की जा सके। साथ ही प्राप्त की गई भौतिक प्रगति से अलग अलग अवयव का वास्तविक जगह को जल रेखा एप के माध्यम से अपलोड कर मुख्य अवयवों को अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्य से क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके। विशेषज्ञ बालकिशन पाटीदार एवं पवन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण म०प्र० जल निगम, परियोजना क्रियान्वयन इकाई छतरपुर के महाप्रबंधक लखनलाल तिवारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इसमें इकाई पन्ना के महाप्रबंधक शिवम सिन्हा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड छतरपुर से एसडीओ संचित खेत्रपालए जल निगम छतरपुर और पन्ना के सभी प्रबंधक, उप प्रबंधक, एसक्यूसी स्टॉफ प्रोजेक्ट मैनेजर भी उपस्थित रहे।

### प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बुढार।** प्रतिष्ठित समाजसेवी स्व.पवन चमड़िया के पुण्यतिथि पर बुढार प्रीमियर लीग बी.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ स्व.कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम बुढ़ार में शनिवार को किया गया। क्रीड़ा भारती एवं एम.एम.एम. क्रिकेट एकाडमी बुढार द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम समाजसेविका श्रीमती आशा चमड़िया के मुख्यातिथ्य में तथा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष- प्रवीण सिंह, सोहागपुर एरिया इंटक अध्यक्ष- कमलेश शर्मा,महेंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल, प्रकाश सिंह, अनिल सोनी,नगर परिषद के पूर्व स्वच्छता निरीक्षक अंजनी श्रीवास्तव, अवधेश पांडेय, पार्षद हर्ष पाठक, मो. शाहिद खान (चीनी) के विशिष्ट आतिथ्य में व पार्षद श्रीमती जूली जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रीमियम लीग बी.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर होटल बिलासा इंटरनेशनल के डायरेक्टर राजेश चमड़िया ने कहाकि- पूज्य पिता स्व.पवन चमडिया जी के प्रथम पुण्यतिथि पर क्रीड़ा भारती एवं एम.एम.एम. क्रिकेट एकाडमी द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है,जिसके संयोजक बी.सी.सी.आई. एम्पायर राजेश त्रिपाठी है, जिन्होंने युवा प्रतिभाओं को क्रिकेट खेल की दिशा में भरपूर प्रोत्साहित किया जा रहा है,और उदीयमान खिलाड़ी निरंतर अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर है जो नगर एवं जिले के लिये खेल के क्षेत्र में उपलब्धि पूर्ण है।

# सामुदायिक स्वच्छता परिसर बने शो-पीस

## पन्ना जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतों में बने भवन जर्जर

**पन्ना ( नि.प्र. )**

पन्ना जिले की अधिकांश ग्राम पंचायतो में बने सामुदायिक स्वच्छता परिसरो में ताला लटका हुआ है। स्थानीय प्रशासन की अनदेखी की वजह से ग्राम पंचायत में बने इन परिसरो की हालत भी जर्जर हो चुकी है। लेकिन इस ओर किसी भी प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान नहीं गया। यह सामुदायिक स्वच्छता परिसर 2020-21 में बनकर तैयार हो गए थे तब से लेकर आज तक इन परसरो का ताला नहीं खुला। भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सामुदायिक स्वच्छता परिसरो का निर्माण कराया गया था जिसका लाभ ग्राम पंचायत स्तर पर रह रहे। ग्रामीणों को मिल सके लेकिन जब हमारी देश न्यूज़ की टीम पन्ना जिले के पवई जनपद अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतो में पहुंची तो ग्राम पंचायत सुनवारी, झिराटा, सगरा, मुरकुछू आदि स्थानो पर स्वच्छता परिसरो की स्थिति जर्जर है और कभी इनका ताला भी नहीं खोला जाता है। कई परिसरों में तो ऐसी स्थिति बनी हुई है कि स्वच्छता परिसरो में कचरे का डेर लगा है और कई जगह तो इन परिसरों की स्थिति बहुत ही खराब पड़ी है। आखिर कर कब ऐसे लापरवाह कर्मचारियों पर शासन एवं प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की मनसा पर पानी फिरते नजर आ रहे।



# अहंकार रूपी कंस को हृदय से बाहर रखें तो खुलेंगे चौतरफा तरक्की के द्वार- अचार्य मोरध्वज महाराज

**पन्ना ( नि.प्र. )**

अहंकार रूपी कंस को सर्वदा हृदय से बाहर रखेंगे तो खूब तरक्की होगी जीवन सुखमय होगा। मन से अहंकार को दूर रखने पर ही आत्मा का परमात्मा के साथ मिलन होता है। यदि मनुष्य अपना अहंकार दूर कर ले तो निश्चित तौर पर वह मोक्ष सद्गति को प्राप्त कर सकता है ,उक्त ज्ञानमयी मन्दाकिनी रीवा जिले के त्योंथर तहसील के मां मादा किनारे बसे पवित्र घटेहा गांव के राम जानकी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ संगीतमय अमृत रस प्रवाह भागवत कथा के वाचक व्यास अचार्य श्री मोरध्वज जी महाराज जी की अमृतमयी श्रीमुख वाणी से प्रवाहित हुई , व्यास श्री अचार्य मोरध्वज महाराज जी ने कथा के अंतिम दिन कंस वध की कथा श्रवण कराते हुए भगवान को क्यों लगाते है 56 भोग की महानता,उपस्थित मुख्य अजमान सहित भक्तगणों को यह अमूल्य पुण्य ज्ञानार्जन कराया । श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने के लिए गृह गांव सहित आस पड़ोस के सभी गांव के श्रद्धालु जन भारी मात्रा में कथा पंडाल में प्रतिदिन उपस्थित होकर पावन श्रीमद् भागवत कथा रस का पान कर जहाँ एक तरफ मानव जीवन को धन्य बना रहे वहीं दूसरी तरफ पवित्र पुण्यार्जन भी कर रहे हैं।



# मुख्यमंत्री बदलने के बाद भी भ्रष्टाचारियों में नहीं आया बदलाव

**पन्ना ( नि.प्र. )**

- जिला मुख्यालय से अप डाउन करते हैं अधिकारी
- लूटना का अधिकार लागू होने का कोई मतलब नहीं
- मुख्यमंत्री मोहन यादव से शीघ्र कार्यवाही करने की मांग

सत्ता परिवर्तन के बाद भी व्यवस्था में परिवर्तन के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी अभी भी अपने रवैए में तनिक भी बदलाव नहीं ला रहे हैं।कार्य करने का अभी भी वह पुराना तौर तरीका अपनाए हुए हैं जो जनहित के अनुकूल नहीं प्रतिकूल है। अधिकांश अधिकारी कर्मचारी तो जिला मुख्यालय से अप डाउन कर रहे हैं।जिला मुख्यालय से जाने वाले कार्यालय खुलने के समय कैसे पहुंच सकते हैं इसका अंदाजा सहज तरीके से लगाया जा सकता है ।इससे शासन की नीतियों एवं जनहित कार्यों का क्रियान्वयन प्रभावित है जो अत्यंत चिंताजनक है । जिस पर गौर करना अब आवश्यक हो गया है अन्यथा आगामी दिनों में इसको लेकर जो असंतोष व्याप्त हैं वह आंदोलन के रूप में सामने देखने को मिलेगा।बताया जाता है कि जनपद पंचायत सिरमौर के अंतर्गत जितने भी शासकीय कार्यालय हैं कमोवेश सबकी एक जैसी स्थिति है ।जिम्मेदार अधिकारी के जिला मुख्यालय के रहने कार्यालय समय पर ना आने तथा आए दिन नदारद रहने से अन्य कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन मनमानी तरीके से कर रहे हैं ।कार्यालयीन कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है ।भाजपा सरकार बनने से व्यवस्था में परिवर्तन की जो उम्मीद सजाई गई थी उस पर पानी फिरता नजर आ रहा है। तहसील कार्यालय जंगल विभाग, नगर परिषद ,पीएचई, थाना, पीडब्ल्यूडी ,टीएचपी ,सिविल अस्पताल, महिला बाल विकास ,कृषि विभाग ,पशु चिकित्सा विभाग, अनुसूचित जाति जनजाति छात्रावास आदि जितने शासकीय कार्यालय हैं सब के जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय से आए दिन नदारद रहते हैं और आते भी हैं तो भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुचारू रूप से नहीं करते हैं।इससे घोर अव्यवस्था फैली है ।कामकाज सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है दूरदराज एवं देहात से काम के लिए आने वाले लोगों को अनावश्यक इधर-उधर भटकना पड़ता है।जनता जनार्दन से जुड़े हर एक विभाग में सूचना का अधिकार सिटीजन चार्टर लागू किया गया है फिर भी कोई इस संबंध में जानकारी चाहता है तो उसे अनाप-शनाप कह कर कार्यालय से भगा दिया जाता है ।जानकारी देने की बात तो दूर रही सिटीजन चार्टर के तहत जनता जनार्दन को अपमानित होकर लौटना पड़ता है ।शासन की व्यवस्था को ताक पर रखकर किस तरह से शासन की व्यवस्था का उल्लंघन किया जा रहा है। उससे शासन की नीतियों का क्रियान्वयन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है ।साथ में पंचायत के लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक काम के लिए लोगों को बार-बार कार्यालय आना जाना पड़ता है फिर भी सहजता से काम नहीं हो पाता है ।

# महिला की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**पन्ना ( नि.प्र. )**

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जोरा की निवासी 25 वर्षीय महिला गायत्री बैश्य पति शैलेंद्र वैश, पुत्री गणेश वैश्य धनहा खड्डी जिला सीधी की जहर खाने से मौत हो गई। गायत्री के भाई सत्यनारायण वैष्य ने ससुराल वालों के ऊपर आरोप लगाया कि ईस घटना की जानकारी हम लोगों को नहीं दी गई गांव वालों से पता चला। मेरी बहन को पहले ही प्रताड़ित करते थे लेकिन छोटे-छोटे बच्चों का मुंह देखकर के चुप रहा और अभी यह घटना हो गई मेरी बहन को जहर देकर मारा गया है इसकी निष्पक्ष जांच की जाये। गायत्री के मामा ने भी शैलेंद्र और ससुर एवं नन्द के ऊपर प्रताड़ना के आरोप लगाया है। बही मीडिया द्वारा पूछे जाने पर 7 वर्षीय बालक दिव्यांश वैश्य ने कहा पापा मम्मी को पाईप से मारा करते थे । अस्पताल में गायत्री का पति शैलेंद्र सामने नहीं आया ना ही उसके ससुराल के कोई परिजन सामने आए और ऐसा लग रहा था की उनको कोई दुख नहीं है। सिर्फ औपचारिकता निभा रहे हैं। परिजन काफी देर तक पोस्टमार्टम कराने से इनकार करते रहे। उन्होंने कहा कि मुझे यहां के डॉक्टर पर भरोसा नहीं फिर समझने पर पोस्टमार्टम के लिए राजी हो गए। तहसीलदार रोहित सिंह परिहार की उपस्थिति में पंचनामा कर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।

**इनका कहना है कि....**

मर्ग कायम कर परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं जांच कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जायेगा।

**- मोहन पड़वार,**
थाना प्रभारी ब्यौहारी

# व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष भगवती प्रसाद गुप्ता के निधन से परिवार में पसरा मातम

**पन्ना ( नि.प्र. )**

नगर क्षेत्र मनगवा के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवम् व्यापारी संघ के ज़िला अध्यक्ष रहे स्वर्गीय भगवती प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन से परिवार में मातम पसरा हुआ है।



बताते चलें कि भगवती प्रसाद गुप्ता ने कुछ माह से बीमारी से ग्रसित रहें जिनका उपचार रीवा में चल रहा था,जो 10 मई शुक्रवार को अपने गृह ग्राम मनगवा में अंतिम सांस लेकर संसार से विदा हो गए। अपने पीछे तीन मेवा लाल गुप्ता, अमृत लाल गुप्ता, सोहन लाल गुप्ता, एवं उनके तीन बेटियां थीं, साथ ही पौत्र पौत्रियों से भरा परिवार विरासत के रूप में छोड़ गए हैं। वही उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का लगातार तांता लगा है। जिनमे हनुमना से जगदीश प्रसाद गुप्ता, अखलेश गुप्ता, शुशील गुप्ता, सुमित गुप्ता, देवराज जयसवाल, अभय विशाल गुप्ता, प्रशांत शुक्ला, सिबलु दुबे, पवन पाल सिंघम, राजीव गुप्ता, राजू सिंह सेंगर, पत्रकारों में सरोज गुप्ता, सम्पत गुप्ता, टिंकल गुप्ता, प्रमोद साकेत, अनसुया सोनी, श्याम बाबू गुप्ता, तारकेश्वर गुप्ता, आदि लोगो ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## आस्था

### बुढ़वा,देवलोंद,करकी में निकाली गई शोभायात्रा

# ब्यौहारी में धूमधाम से मनाई गई परशुराम की जयंती

**पन्ना ( नि.प्र. )**

ब्यौहारी- विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर परशुराम जयंती मनाई जाने की खबरें हैं अक्षय तृतीया के अवसर पर पूरा क्षेत्र भगवा में हो गया। अक्षय तृतीया में भगवान परशुराम की जयंती व्यवहारी जिले में धूमधाम से मनाई गई ब्यौहारी ,पपौंध, बाणसागर और बुडवा क्षेत्र में धूमधाम से परशुराम जयंती मनाई गई। सबसे पहले भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई और उसके बाद शोभा यात्रा निकाल कर वरिष्ठ ब्राह्मण जनों का सम्मान किया गया। उनके विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने 21 बार दुष्टों को संघार किया है और पीड़ितों को न्याय दिलाया वह किसी वर्ग के विरोधी नहीं थे ।



परशुराम की जयंती पर बुडवा में महावीरन धाम से लेकर बुढ़वा होते हुए ललमटिया धरी नंबर दो तक यात्रा पहुंची जहां पर विप्र बंधुओं को संबोधित किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रभात द्विवेदी बिन्नू,सरस्वती पांडे, शैलेंद्र मिश्रा, अरुण द्विवेदी, सहित 500 लोगों ने बाइक रैली में भाग लिया ।

बाणसागर में भी परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम की शुरुआत पैरेंट्स प्राईड स्कूल बाणसागर से शुरू होकर आशा ज्योति स्कूल होते हुए शोभायात्रा निकाली गई एवं कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय ,सिद्धार्थ अग्निहोत्री, रामबरन पांडे तूफानी, रवि मिश्रा रामबदन पांडे, दुर्गेश तिवारी जिला पंचायत सदस्य श्रीनिवास मिश्र मयंक तिवारी, सुखेंद्र द्विवेदी विकास तिवारी रामबहोर तिवारी,अवधेश बाजपेई, विवेक तिवारी सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

में परशुराम जयंती के अवसर पर व्यवहारी में नगरिया मंदिर के पास यात्रा निकाली गई कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बालाजी शुक्ला ,आशीष शुक्ला , सौरभ शुक्ला,बंधू तिवारी , नरेंद्र पांडे, रमेश मिश्रा , शिवकुमार द्विवेदी, कृष्ण गोपाल शुक्ला सहित ब्राह्मण संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए । परशुराम जयंती के अवसर पर करकी में शिवम शुक्ला के नेतृत्व में पूजा अर्चना के पश्चात बाइक रैली निकाली गई एवं भगवान परशुराम का संदेश विप्र बंधुओं तक पहुंचाया।

# किताबें-ड्रेस खरीदने में नहीं चलेगी मनमानी

**पन्ना ( नि.प्र. )**

मऊगंज जिले के शासकीय और निजी स्कूल में बड़ी संख्या में विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। जिले की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधन द्वारा शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों द्वारा खरीदी जाने वाली किताबें और ड्रेस खरीदने के संबंध में गंभीर शिकायतें मिली हैं। इन पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजय श्रीवास्तव ने ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 (5) के तहत एक पक्षीय रूप से जारी किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति शिक्षण संस्था के प्राचार्य तथा प्रबंधक के विरूद्ध धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

जारी आदेश के अनुसार विद्यार्थियों के अभिभावकों को स्कूल अथवा अन्य शिक्षण संस्थान पुस्तकें ड्रेस अथवा अन्य सामग्री खरीदने के लिए किसी विशेष दुकान से बाध्य नहीं कर सकेंगे। जिले के सभी अशासकीय स्कूल जो मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल अथवा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (सीबीएसई) अथवा आईसीएसई से संबद्ध हैं उनमें यह आदेश पूरी तरह से लागू होगा। निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल के प्रवेश प्रारंभ की तिथि प्रक्रिया स्कूल में उपयोग की जाने वाली पाठ्य पुस्तकों स्टेशनरी पठन-पाठन सामग्री स्कूल बैग ड्रेस स्पोर्ट्स किट की राशि स्कूल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। इसे स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी प्रदर्शित करें।

जारी आदेश के अनुसार निजी स्कूल उसमें प्रवेश की विवरण पुस्तिका एवं प्रवेश आवेदन पत्र प्राप्त करने के संबंध में पूरी जानकारी स्कूल के सूचना पटल और वेबसाइट में उपलब्ध कराएं। इसके लिए यदि अभिभावकों से किसी भी तरह की राशि ली जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख करें। सभी निजी स्कूल केवल उन्ही पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण करें जो उसकी संबद्धता वाले बोर्ड से स्वीकृत हों। निजी स्कूल प्रबंधन विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को केवल चुने हुए दुकानदार से पुस्तकें ड्रेस टाई जूते स्टेशनरी आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं करेंगे।

**आज जन्मदिन पर विशेष...**

## अपने अभिनय से पहली ही फिल्म में सबको किया हैरान



फ्रेडी दारुवाला बॉलीवुड अभिनेता एवं मॉडल हैं। इनका जन्म 12 मई 1984 को गुजरात में हुआ। पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद अभिनय की दुनिया में कॅरियर बनाने की मंशा के चलते पहले मॉडलिंग से कॅरियर की शुरुआत की।

फ्रेडी दारुवाला ने अपनी शुरूआती पढ़ाई सेंट जेवियर हाईस्कूल सूरत के पूरी की है। उन्होंने एमबीए की डिग्री भी ले रखी है। लेकिन दारूवाला अभिनेता बनना चाहते थे, इसलिए पढ़ाई खत्म होने के बाद उन्होंने मॉडलिंग की शुरूआत कर दी। वह हिंदी सिनेमा में आने से पहले मॉडलिंग क और टीवी कमर्शियल ऐड की दुनिया का चमकता सितारा बन चुके थे।

**कॅरियर** – फ्रेडी दारुवाला ने अपने कॅरियर की शुरुआत पंजाबी फिल्म मम्मी पंजाबी से की थी। इस फिल्म में आलोचकों ने दारूवाला के अभिनय को बहुत सराहा था। इसके बाद वह हिंदी फिल्म हॉलिडे में नेगटिव किरदार में नजर आए। इस फिल्म में उनके अपोजिट अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा भी नजर आई थी। इस फिल्म में उन्होंने बेहद बेहतरीन अभिनय आलोचकों को काफी हैरान कर कर दिया था।

**आज जन्मदिन पर विशेष...**

## दादा-पिता के नाम का सहारा नहीं लिया : राजवीर



राजवीर देओल एक भारतीय फिल्म अभिनेता हैं, जो मुख्य रूप से हिंदी सिनेमा में अपने काम के लिए जाने जाते हैं, राजवीर देओल जाने-माने एक्टर सनी देओल के बेटे और लिजेंड्री एक्टर धर्मेंद्र के पोते हैं। राजवीर साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'दोनों' से सिनेमा की दुनिया में अपना कदम रखा है। पढ़ाई पूरी होने तक इन्होंने बॉलीवुड में कोई रुचि नहीं ली। बॉलीवुड में अपने पिता और दादा की खास पहचान के बावजूद इन्होंने न तो कभी उनके नाम का फायदा लिया न ही आगे भी कभी पारिवरिक पृष्ठभूमि का फायदा लेने की इच्छा रखते हैं। राजवीर का कहना है कि व्यक्ति को अपने जीवन में सक्सेस के लिए केवल अपनी मेहनत पर भरोसा करना चाहिए। यदि आप में टेलैंट है तो सक्सेस अवश्य मिलेगी।

# प्रेग्नेंसी बाइबल पर परेशानी में आई करीना कपूर

**धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप**



बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान की किताब करीना कपूर खान प्रेग्नेंसी बाइबल के मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट (जबलपुर) ने नोटिस जारी किया है। जस्टिस जीएस अहलूवालिया की सिंगल बेंच ने किताब की को-ऑथर अदिति शाह भीमजियानी, अमेजन इंडिया और जगरनाट बुक्स से भी जवाब मांगा है। मामले में अगली सुनवाई 1 जुलाई को होगी। हाईकोर्ट में एडवोकेट क्रिस्टोफर एंथोनी ने 2022 में याचिका दाखिल की थी। पहली सुनवाई अगस्त 2022 में हुई थी, तब हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को भी पार्टी बनाने के लिए कहा था। बाद में मामला कुछ ठंडा पड़ गया। याचिका में दलील दी गई है कि नाम में बाइबल जोड़ने से ईसाई धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हुईं। एंथोनी का कहना है कि बाइबल ईसाई धर्म का धार्मिक ग्रंथ है। प्रभु यीशू की शिक्षा का वर्णन इस पवित्र पुस्तक में पाया जाता है। करीना की किताब में बाइबल का इस्तेमाल ठेस पहुंचाने वाला है।

**तीन साल पहले लॉन्च की थी किताब** – करीना कपूर ने 9 अगस्त 2021 को प्रेग्नेंसी पर लिखी यह किताब लॉन्च की थी। उन्होंने इस किताब को अपना तीसरा बच्चा कहा था। किताब की लॉन्चिंग पर उन्होंने ऑनलाइन करण जौहर से चर्चा की और प्रेग्नेंसी के दौरान जीवन में आए उतार-चढ़ावों पर बात की। करीना ने बताया कि पहली प्रेग्नेंसी के मुकाबले दूसरी प्रेग्नेंसी उनके लिए कठिन रही। करीना कपूर ने अपनी इस किताब में दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान के अनुभव साझा किए हैं। 'किताब करीना की दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान शारीरिक और भावनात्मक अनुभवों को बताती है' करीना ने 9 जुलाई 2021 को सोशल मीडिया प्लैटफार्म इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया। वह पूछती हैं, 'क्या बेक हो रहा है?' इसके बाद माइक्रोवेव से किताब निकालकर कहती हैं, 'ये बेक हो रहा है।'

उन्होंने लिखा था, 'कुछ अच्छे दिन और कुछ बुरे। मैं काम पर जाने के लिए उतावली थी, लेकिन कुछ दिनों में मैं बिस्तर से उठने के लिए भी जूझ रही थी। यह किताब मेरी दोनों प्रेग्नेंसी के दौरान शारीरिक और भावनात्मक अनुभवों को बताती है। ये बहुत ही व्यक्तिगत विवरण है। कई मायनों में यह किताब मेरे तीसरे बच्चे की तरह है, गभार्धान से लेकर जन्म तक।'

**करीना 21 फरवरी को दोबारा मां बनी थीं**– करीना ने 21 फरवरी 2021 को अपने दूसरे बेटे को जन्म दिया था। बेटे का नाम पहले जेह अली खान बताया था, लेकिन अपनी बुक में करीना ने बेटे का नाम जहांगीर बताया।

**जेह को लेकर घर आना यादगार था** – किताब की लॉन्चिंग पर करण जौहर से बातचीत में करीना ने कहा, 'दूसरी बार प्रेग्नेंट होना बहुत टफ था, तैमूर के समय इतनी तकलीफ नहीं हुई थी जितनी जेह के समय हुई। जब तैमूर के समय प्रेग्नेंट थी तो सब कुछ बहुत स्मूथ था, मुझे अच्छा लग रहा था। लेकिन दूसरी बार चीजें बदली हुई थीं। मुझे काफी दिक्कत होती थी। मैं सोचती थी कि मुझसे नहीं होगा और आगे कुछ ठीक होने वाला नहीं है। डर बना हुआ था कि अगर मुझे कोविड हो गया तो मेरे बच्चे को भी हो जाएगा। अंतिम ट्राईमिस्टर में मेंटली काफी ट्रॉमा झेला।

# दीपक तिजोरी सेंसर बोर्ड पर गुस्सा हुए

एक्टर दीपक तिजोरी ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड पर अपनी भड़ास निकाली है। दीपक की मानें तो उन्हें अपनी फिल्म 'टिप्सी' की स्क्रीनिंग के समय काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं, उन्होंने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड वालों पर ब्लैकमेल करने का आरोप भी लगाया। एक इंटरव्यू में दीपक तिजोरी ने बताया कि फिल्म रिलीज के 20 दिन पहले उन्होंने रीजनल ऑफिसर को मैसेज भेजा था। दीपक चाहते थे कि फिल्म की स्क्रीनिंग सही समय पर हो। फिल्म में कोई भी किसिंग या एडल्ट सीन नहीं है। दीपक फिल्म के लिए 'यूए' सर्टिफिकेट चाहते थे। जबकि सीबीएफसी उन्हें पहले 'यू' सर्टिफिकेट दे रही थी। लेकिन स्क्रीनिंग के बाद उनसे कहा गया कि फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दीपक ने आगे बताया कि मूवी में कुछ डायलॉग्स और वड्र्स हैं, जैसे- ब्लू फिल्म और पॉर्न। जिसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने हटाने का आदेश दिया। इतना ही नहीं, रेव पार्टी वाले सीन में भी कटौती कराई गई, जिसमें कैरेक्टर्स चिलम कन्ज्यूम कर रहे हैं। दीपक की मानें तो ये सब्सटेंस भोलेनाथ से जुड़ा है। गाने के बैकग्राउंड में 'भोले शिव शंकर' के बोल भी हैं। इस गाने को 50 प्रतिशत तक हटाने की बात कही गई। 15 मिनट में उन्हें फिल्म में किए गए बदलाव की जानकारी मिल गई। दीपक ने कहा कि उनके करोड़ों रुपए इस फिल्म को बनाने में लगाए हैं। लेकिन सेंसर बोर्ड वाले इसकी अहमियत नहीं समझते।

## द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में आए बोमन ईरानी




बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। बोमन ईरानी एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह अब एक फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी बहुप्रतीक्षित निर्देशित पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज' के साथ चर्चा में हैं। अपने निर्देशन की पहली फिल्म 'द मेहता बॉयज' में बोमन ईरानी ने अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी के साथ अभिनय किया है। इस फिल्म के लिए उन्होंने न केवल निर्देशन किया है बल्कि ऑस्कर विजेता लेखक एलेक्स डिनेलारिस के साथ पटकथा भी लिखी है। इसका निर्माण ईरानी मूवीटोन और चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है।

# गोवा गॉन मुझे बहुत खुशी और गर्व का ऐहसास कराती है : कुणाल खेमू



बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू का कहना है कि फिल्म गो गोवा गॉन मुझे बहुत खुशी और गर्व का ऐहसास कराती है। राज और डी.के. द्वारा निर्देशित फिल्म गो गोवा गॉन ने अपनी रिलीज के 11 साल पूरे कर लिए हैं। दिलचस्प बात यह है कि जॉम्बी एक्शन कॉमेडी ने न केवल अपनी मजेदार और आकर्षक कहानी से, बल्कि अपने बेहतरीन अभिनय और संवादों से भी दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते हुए, कुणाल खेमू ने अपने कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों में से एक दी और फिल्म के प्रतिष्ठित संवाद भी लिखे, जिनके आज भी प्रशंसक हैं।

फिल्म के बारे में बताते हुए कुणाल खेमू ने कहा, 'गो गोवा गॉन' मेरे कॅरियर की सबसे खास फिल्मों में से एक है। हमने इस फिल्म को पूरे दिल से जीवंत करने के जुनून के साथ इस यात्रा की शुरूआत की। राज और डीके बेहतरीन फिल्म निर्माता हैं और वे सभी सम्मान के हकदार हैं। मुझे खुशी है कि मैं फिल्म में अभिनय से कहीं बढ़कर योगदान दे सका। एक अभिनेता के तौर पर मैंने इस फिल्म के जरिए फिल्म निर्माण और लेखन के बारे में बहुत कुछ सीखा। पहले मैं सिर्फ अपने लिए लिखता था, लेकिन 'गो गोवा गॉन' ने इसे बदल दिया और एक लेखक के तौर पर भी मुझे आत्मविश्वास दिया। यह वाकई एक ऐसी फिल्म है जो मुझे बेहद खुशी और गर्व देती है।


# सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर खान



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म सरफरोश में आमिर खान, सोनाली बेन्द्रे और नसीरउद्दीन साह ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में आमिर खान ने एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका अदा की थी। फिल्म सरफरोश को रिलीज हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म के 25 साल पूरे होने पर आमिर खान और सरफरोश की टीम ने एक शानदार पार्टी रखी थी और जूहू के पीवीआर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी। आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। सरफरोश 2 को लेकर आमिर खान ने कहा, मैं एक बात के बारे में कमिटेड हो सकता हूं, कि हम निश्चित रूप से इसके लिए सही स्क्रिप्ट और सही तरह की फिल्म के साथ आने के लिए वाकई में सीरियस होकर काम करेंगे। मेरा मानना है कि सरफरोश 2 बिल्कुल बननी चाहिए। हम सही कहानी की तरफ फोकस कर रहे हैं और जल्द ही इसकी तलाश भी पूरी हो जाएगी। यदि सब कुछ सही बैठता है तो मैथ्यू आपको इसके लिए फिर से तैयार रहना पड़ेगा। सरफरोश के निर्देशक जॉन मैथ्यू मैथ्थान ने कहा, आमिर उत्सुक हैं। मैं भी इसे बनाने की योजना बना रहा हूं, लेकिन जब तक आपको इसे करने की आजादी और विकल्प नहीं मिलेगा और यदि यह आपके लिए आनंददायक नहीं होगा तो दूसरे लोग आपकी फिल्म का आनंद कैसे उठा पाएंगे? इसके अलावा ऐसी बहुत सी स्क्रिप्ट भी नहीं हैं, जो मुझे पसंद आई हों।

**मिथुन को एक समय बी ग्रेड का एक्टर समझती थीं कई एक्ट्रेस**

# कई एक्ट्रेस ने उनके साथ काम करने में रुचि नहीं दिखाई



मिथुन चक्रवर्ती के साथ एक वक्त पर कोई भी एक्ट्रेस काम नहीं करना चाहती थीं। सब उन्हें बी ग्रेड एक्टर समझते थे। मिथुन ने 2023 में एक रियलिटी शो में कहा था कि उनके साथ के कई एक्टर्स उनसे इनसिक्योर हुआ करते थे। वो एक्ट्रेसेस को मना कर देते थे कि मिथुन के साथ काम मत करना। मिथुन ने कहा कि उस वक्त सिर्फ जीनत अमान एक ऐसी एक्ट्रेस थीं, जो उनके साथ काम करने को राजी हुईं। मिथुन ने शो में कहा था कि उन्हें बी ग्रेड से ए ग्रेड एक्टर बनाने में जीनत अमान का सबसे बड़ा रोल है। मिथुन चक्रवर्ती ने रियलिटी शो सारेगामापा में कहा था- फिल्म तकदीर के लिए डायरेक्टर बृज सदाना लीड एक्ट्रेस के लिए रोल के लिए जीनत अमान के पास गए। उन्होंने जीनत को मेरी तस्वीर दिखाते हुए कहा कि यह मेरी फिल्म का लीड एक्टर है। तब जीनत ने कहा कि लड़का तो अच्छा दिखता है, मैं इसके साथ फिल्म करने के लिए तैयार हूं। जीनत के फिल्म करते ही और भी एक्ट्रेसेस मेरे साथ काम करने को राजी होने लगीं।

**फिल्म साइन करने के बाद भी मना कर देती थीं एक्ट्रेस** – मिथुन ने कहा कि एक वक्त पर ऐसा लगा कि वो कभी बी ग्रेड से ए ग्रेड एक्टर नहीं बन पाएंगे। उन्होंने कहा, उस समय कुछ एक्टर्स मुझसे इनसिक्योर रहा करते थे। उन्हें लगता था कि मैं काफी आगे निकल जाऊंगा। कई एक्ट्रेसेस तो मेरे साथ मूवी साइन करने के बाद भी मना कर देती थीं। उनके ऊपर दबाव बनाया जाता था कि अगर तुम मिथुन के साथ काम करोगी, तो मैं तुम्हारे साथ काम नहीं करूंगा। ऐसे में मैं जीनत अमान का शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने मेरे साथ काम करके इस तिलिस्म को तोड़ दिया। मिथुन चक्रवर्ती और जीनत अमान ने एक साथ यादों की कसम, बात बन गई, अशांति और हम से है जमाना जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।

### डिस्को डांसर फिल्म से मिली लोकप्रियता

80 के दशक के बाद मिथुन सफलता की सीढ़ियों पर चढ़ते गए। 1982 की फिल्म डिस्को डांसर से उन्हें और ज्यादा प्रसिद्धि मिली। फिल्म और इसके गाने को यहां से ज्यादा रशियन कंट्रीज में पसंद किया गया। रूस जो उस वक्त सोवियत संघ के नाम से जाना जाता था, वहां फिल्म ने ताबड़तोड़ कमाई की थी। डिस्को डांसर को हिंदी सिनेमा की पहली 100 करोड़ रुपए कमाने वाली फिल्म कहा जाता है, हालांकि कमाई का ज्यादातर हिस्सा सोवियत यूनियन से आया था।




# परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अपने परिवार वालों के साथ केदारनाथ धाम में बाबा भोलेनाथ का दर्शन किया। शिल्पा शेट्टी अपने परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ की शरण में केदारनाथ पहुंची थीं। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के पहले ही दिन शिल्पा शेट्टी ने भोलेनाथ के दर्शन किए। केदारनाथ से शिल्पा शेट्टी और उनकी फैमिली की कई फोटोज और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शिल्पा शेट्टी अपनी बेटी, मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ केदारनाथ धाम पहुंची थीं। वायरल वीडियो में शिल्पा शेट्टी, माथे पर चंदन, आंखों पर चश्मा और चेहरे पर बड़ी-सी स्माइल के साथ बेटी शमिशा को गोद में उठाए अपनी मां और बहन शमिता शेट्टी के साथ पोज करती दिख रही हैं। शिल्पा शेट्टी और उनकी फैमिली की यह वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही है। शिल्पा शेट्टी केदारनाथ धाम से पहले अपनी मां और बहन के साथ कामाख्या मंदिर गई थीं।

# पाकिस्तान-बांग्लादेश अभी तक घोषित नहीं कर पाये टी20 विश्वकप के लिए टीम

## भारत, ऑस्ट्रेलिया सहित 16 देशों ने घोषित की

**मुम्बई। अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अभी तक 16 टीमें घोषित हो गयी हैं। पर पाकिस्तान-बांग्लादेश बोर्ड अपनी अपनी टीमें घोषित नहीं कर पाया है। यहां तक कि अन्य टीमें जहां विश्वकप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज जाने का कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वहीं पाक और बांग्लादेश अपनी टीम कही तय नहीं कर पा रहे हैं। पाकिस्तान की क्रिकेट टीम आयरलैंड के खिलाफआज 10 मई से टी20 सीरीज खेलेगी। इसके बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर इंग्लैंड पहुंचेंगे। फिर पाकिस्तान-इंग्लैंड सीरीज होगी। इस प्रकार देखा जाये तो पाक टीम तैयारी तो अच्छी कर रही है पर टीम की घोषणा को लेकर संशय में है। पीसीबी के अनुसार अभी टीम के कुछ खिलाड़ी पूरी तरह फिट नहीं हैं। इसलिए टीम चयन टाल दिया गया है। बांग्लादेश की टीम भी जिम्बाब्वे के साथ सीरीज खेल रही है। पाक और बांग्लादेश के अलावा नामीबिया और नीदरलैंड्स ने भी अभी अपनी टीम घोषित नहीं की है।**

### भारत

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या उप कप्तान, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह रिजर्व खिलाड़ी, शुभमन गिल, रिंकू सिंह, आवेश खान और खलील अहमद।

### ऑस्ट्रेलिया

मिचेल मार्श कप्तान, ट्रैविस हेड, डेविड वॉर्नर, कैमरन ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस, टिम डेविड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू वेड, एश्टन एगर, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा।

### न्यूजीलैंड

केन विलियम्सन कप्तान, फिन एलन, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिचेलए जिमी नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, लॉकी फर्ग्युसन, मैट हेनरी, ट्रेंट बोल्ट,रिजर्व खिलाड़ी, बीन सियर्स।

### इंग्लैंड

जॉस बटलर कप्तान, मोइन अली उप-कप्तान, फिल साल्ट, विल जैक्स, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करेन, क्रिस जॉर्डन, टॉम हार्टली, आदिल राशिद, मार्क वुडए जोफ्र आर्चर, रीस टॉपली।

**इस प्रकार हैं अब तक घोषित हुई टीमें**




### दक्षिण अफ्रीका

एडेन माक्ररम कप्तान, रीजा हेंड्रिक्स, ओटिनल बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, बेरोन फार्च्युन, हेनरिक क्लासेन, मार्को यानसेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्किया, कैगिसो रबाडा, रियान रिक्लटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स।

### श्रीलंका

वानिंदु हसरंगा कप्तान, चरिथ असलंका उप-कप्तान, कुसल मेंडिस, पथुम निसांका, कामिंदु मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डिसिल्वा, दासुन शनाका, महीश तीक्षणा, डुनिथ वेललागे, दुष्मंथा चमीरा, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराणा, दिलशान मधुशंका।

### वेस्टइंडीज

रोवमैन पॉवेल कप्तान, अल्जारी जोसेफ उप कप्तान, जॉनसन चार्ल्स, शिमरन हेटमायर, रोस्टन चेज, ब्रैंडन किंग, निकलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड, शमर जोसेफ, अकील होसेन, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड।

### अफगानिस्तान

राशिद खान कप्तान, इब्राहिम जादरान, नजीबुल्लाह जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज विकेटकीपर, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खरोती, मो. इशाक विकेटकीपर, मुजीब उर रहमान, नवीन उल हक, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक **रिजर्व:** सेदिक अटल, हजरतुल्लाह जजई,सलीम सफी।

### आयरलैंड

पॉल स्टर्लिंग कप्तान, मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग युवा।

### अमेरिका

मोनांक पटेल कप्तान, एरॉन जोंस, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर, रिजर्व खिलाड़ी: गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्राईस्डेल, यासिर मोहम्मद।

### नेपाल

रोहित पौडेल कप्तान, आसिफ शेख, अनिल कुमार साह, कुशल भुरतेल, कुशल माल्ला, दीपेंद्र सिंह, करन केसी, गुलशन झा, सोमपाल कामी, प्रतिस जीसी, संदीप जोरा, ललित राजबंशी, अबिनाश बोहरा, सागर धाकल, कमल सिंह।

### स्कॉटलैंड

रिची बेरिंग्टन कप्तान, मैथ्यू क्रॉस, ब्रैड करी, क्रिस ग्रीव्स, ओली हेयर्स, माइकल लीस्क, जैक जार्विस, माइकल जोन्स, ब्रैंडन मैकमुलेन, जॉर्ज मुन्से, चार्ली टियर, सफयान शरीफ, क्रिस सोलए मार्क वॉट और ब्रैड व्हील।

### पापुआ न्यू गिनी

असद वाला कप्तान, चार्ल्स एमिनी उप कप्तान, एलेई नाओ, चाड सॉपर, हीरी हीरी, हिला वारे, जैक गार्डनर, जॉन करीको, काबुआ मोरेया, किप्लिंग डोरिगा, लेगा सियाका, नॉर्मन वानुआ, सेमा कामेया, सेसे बाओ, टोनी उरा।

### युगांडा

ब्रायन मसाबा कप्तान, रियाजत अली शाह उप-कप्तान, साइमन सेसाजी, कॉसमॉस क्युवुटा, दिनेश नकरानी, रोजर मुकासा, फ्रेड अचेलम, अल्पेश रमजानी, फ्रैंक्र नसुबुगा, हेनरी सेसेनडो, रॉबिन्सन ओबुया, बिलाल हसन, जुमा मियाजी, केनेथ वैसवा, रौनक पटेल, रिजर्व प्लेयर: इनोसेंट म्वेबेज, रोनाल्ड लुटाया।

### कनाडा

साद बिन जफर, एरॉन जॉनसन, डिलन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर विकेटकीपर, नवनीत धालीवाल, निकोलस कीर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेयानखान पठान, श्रेयस मोव्वा विकेटकीपर।

### ओमान

आकिब इलियास कप्तान, जीशान मकसूद, कश्यप प्रजापति, प्रतीक अठावले कीपर, अयान खान, शोएब खान, मोहम्मद नदीम, नसीम खुशी विकेटकीपर, मेहरान खान, बिलाल खान, रफीउल्लाह, कलीमुल्लाह, फैयाज बट, शकील अहमद ।





# ऋषभ पंत पर बीसीसीआई ने लगाया एक मैच का बैन

## दिल्ली कैपिटल्स पर भी लाखों का जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के बीच दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान ऋषभ पंत को बीसीसीआई ने सजा दी है। पंत को एक मैच के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफस्लो ओवर रेट के चलते ये कार्रवाई की गई है। इसके अलावा डीसी के सभी खिलाड़ियों पर 12 लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जो भी कम हो जुर्माना लगाया गया है।दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच 56वां मैच 7 मई अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया था। ऋषभ पंत की जगह टीम की कप्तानी कौन संभालेगा। फिलहाल दिल्ली ने इसकी जानकारी नहीं दी है। टीम को अगला मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ कल 12 मई को खेलना है। पंत इस मुकाबले का हिस्सा नहीं होंगे।

**टीम के बाकी खिलाड़ियों पर भी लगा जुर्माना:**-दिल्ली कैपिटल्स की ये तीसरी गलती है। जो आईपीएल के कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन है। ऋषभ पंत को एक मैच का निलंबन और 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में दिल्ली अंतिम ओवर की शुरुआत में 10 मिनट पीछे थे। दिल्ली कैपिटल्स ने मैच रेफरी के इस फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील दायर की थी। जिसे समीक्षा के लिए बीसीसीआई लोकपाल के पास भेजा गया। लोकपाल ने कहा कि मैच अंपायर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है। अब पंत 12 मई को आरसीबी के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। दिल्ली प्लेऑफ की जगह बनाने की रेस में आगे है।

# दोहा डायमंड लीग: तीन सेंटीमीटर से गोल्ड से चूके नीरज चोपड़ा



**दोहा।** दोहा डायमंड लीग 2024 में नीरज चोपड़ा को दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। साल 2023 में पहले स्थान पर रहे भारतीय स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने इस साल की शुरुआत 88०36 मीटर थ्रो के साथ की। वे तीन सेंटीमीटर से पहले स्थान से चूक गए, जैकब वडलेज 88.38 मीटर के साथ पहले स्थान पर रहे। बता दें कि दोहा में 2023 सीजन में गोल्ड मेडल जीतने वाले नीरज चोपड़ा अपने पहले दो प्रयासों में 85 मीटर तक पहुंचने में असफल रहे, लेकिन अंतिम दौर में 88.36 मीटर थ्रो करके दूसरा स्थान हासिल किया। भारत के अन्य प्रतियोगी किशोर जेना 76.31 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ नौवें स्थान पर रहे।वहीं जैकब वडलेज नीरज से केवल दो सेंटीमीटर आगे रहे। जैकब ने 88.38 अंक हासिल किए। चेक रिपब्लिकन दिग्गज 2023 दोहा डायमंड लीग में नीरज से चार सेंटीमीटर से पीछे रहे थे। इसके अलावा भारत के ही किशोर जेना पहले ही बाहर हो गए थे।

दोहा डायमंड लीग 2024 में जेवलिन स्टैंडिंग

जैकब वडलेज- 88.38 मीटर

नीरज चोपड़ा- 88.36 मीटर

एंडरसन पीटर्स- 86.62 मीटर

ओलिवर हेलैंडर- 83.99 मीटर

एंड्रियन माडरिं- 81.33 मीटर

# इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने रिटायरमेंट का किया एलान

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने क्रिकेट से रिटायरमेंट का एलान कर दिया। दिग्गज बॉलर अपना आखिरी मैच जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेलेंगे। यह टेस्ट मुकाबला 10 से 14 जुलाई को होगा। 41 वर्षीय जेम्स ने 22 मई 2003 को जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था। वह 187 टेस्ट मैचों में 700 विकेट ले चुके हैं। जेम्स एंडरसन इतने विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज है। उन्होंने इसी साल धर्मशाला टेस्ट मैच में कुलदीप यादव को आउट कर यह कीर्तिन रचा था।

### इंस्टाग्राम पर लिखा पोस्ट

इंग्लैंड के गेंदबाज ने इंस्टाग्राम पोस्ट पर रिटायरमेंट को लेकर लिखा कि लॉर्ड्स में गर्मियों में खेला जाना वाला मेरा आखिरी टेस्ट होगा। उस गेम में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना। जिसे में बचपन से पसंद करता था। मेरे लिए 20 साल अविश्वसनी रहे। मैं इंग्लैंड के लिए खेलना याद करूंगा। अब इस खेल से हटने और दूसरों को मौका देना का समय है। जेम्स एंडरसन ने लिखा डेनिएल, लोला, रूबी और मेरे माता-पिता के प्यार और सपोर्ट के बिना मैं यह नहीं कर पाता। उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। साथ ही उन खिलाड़ियों और कोचों को भी धन्यवाद जिन्होंने इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ कम बनाया। जेम्स ने आगे लिखा कि मैं आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए उत्साहित हूं।

**वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेंगे आखिरी मैच**




### शेन वॉर्न का रिकॉर्ड तोड़ने से 9 विकेट दूर

जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने में शेन वॉर्न से 9 विकेट दूर हैं। एंडरसन ने 32 बार पांच विकेट और तीन बार दस विकेट लिए हैं। जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 42 रन देकर 7 विकेट 2017 में लॉर्ड्स में वेस्टइंडीज और 71 रन देकर 11 विकेट 2010 में ट्रेंट ब्रिज में पाकिस्तान के खिलाफ रहा है।



# गुणवत्ता खराब हुई तो मसाला कंपनियों का लाइसेंस होगा निरस्त!

**नई दिल्ली।** सरकार ने मसालों की गुणवत्ता के बारे में शिकायतें आने के बाद सख्त रवैया अपना लिया है। एक आला अधिकारी ने बताया कि अगर मसाला बनाने वाली कंपनी डिब्बाबंद मसाला उत्पादों में कीटनाशकों की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक रखी तो सरकार उसका लाइसेंद रद्द किया जा सकता है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने देश भर से मसालों के 1,500 से अधिक नमूने एकत्र किए हैं। एफएसएसएआई फिलहाल इन नमूनों की जांच कर इनमें रसायन, सूक्ष्मजीव, माइक्रोटॉक्सिन्स, सूडान डाई और एथिलीन ऑक्साइड सहित 234 कीटनाशकों की मात्रा का पता लगाने में जुट गई है। देश भर में एफएसएसएआई के 1,500 से अधिक परीक्षण केंद्र हैं। अधिकारी ने बताया कि इन नमूनों की जांच रिपोर्ट 15 दिनों में आ जाएगी। खाद्य नियामक ने बाजार में उपलब्ध मसालों की गुणवत्ता परखने के लिए 25 अप्रैल को पूरे देश में मुहिम शुरू की है। इससे पहले हॉन्ग कॉन्ग में सेंटर फॉर फूड सेफ्टी और सिंगापुर फूड एजेंसी ने भारत के दो मसाला ब्रांडों एमडीएच और एवरेस्ट स्पाइसेस के मसाला उत्पादों में ईटीओ मौजूद होने का दावा किया था। इन शिकायतों के बाद एफएसएसएआई ने यह कदम उठाया है। सूत्रों ने कहा कि नियामक ने मसाला बनाने वाली सभी कंपनियों से नमूने एकत्र किए हैं। नियामक बाजार में उपलब्ध शिशु आहार के नमूने की भी जांच कर रहा है। सरकारी अधिकारी ने कहा कि इस जांच के नतीजे भी अगले 15 दिनों में मिल जाएंगे। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और राष्ट्रीय बाल अधिकार सुरक्षा आयोग ने एफएसएसएआई को बाजार में मिल रहे शिशु आहार में चीनी की मात्रा जांचने के निर्देश दिए हैं। स्विट्जरलैंड की एक गैर-सरकारी संस्था पब्लिक आई की एक रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने यह फैसला लिया है।

**सरकार की सख्ती के बाद एफएसएसएआई ने जुटाए 1,500 से ज्यादा सैंपल**

# अक्षय तृतीया पर सोने और चांदी की हुई बंपर खरीदी

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को देशभर में सोने-चांदी की बंपर खरीद हुई। जिससे दोनों ही धातुओं की कीमत में जोरदार उछाल भी दिखा। दिल्ली सराफा बाजार में सोना 73 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया तो चांदी 85 हजार से कहीं ऊपर पहुंच गई। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे भी सोने-चांदी में तेजी रुकेगी नहीं और साल के आखिर तक दोनों के भाव नई ऊंचाई पर होंगे। दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार 10 मई को सोने की कीमत 950 रुपये की तेजी के साथ 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 2,300 रुपये उछलकर 85,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 83,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के एक वरिष्ठ विश्लेषक ने कहा कि दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोना 24 कैरेट 73,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 950 रुपये अधिक है। वैश्विक बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,360 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 52 डॉलर मजबूत है। चांदी भी मामूली तेजी के साथ 28.60 डॉलर प्रति औंस पर रही। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 27.50 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। अमेरिका में बेरोजगारी दावों के नवीनतम आंकड़ों से श्रम बाजार में सुस्ती के संकेत मिलने के बाद सोने में तेजी आई। इससे यह विश्वास बढ़ा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व इस वर्ष ब्याज दर में कटौती शुरू कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो आने वाले समय में सोने की मांग और बढ़ेगी, क्योंकि ब्याज नीचे आने पर लोग सोने पर ज्यादा दांव लगाएंगे।



# अब पैन-आधार वेरिफाई करेगा पोस्ट ऑफिस

**नई दिल्ली।** पिछले साल 1 अप्रैल से पोस्ट ऑफिस की स्कीम में निवेश करने के लिए पेन और आधार की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। ऐसे में पोस्ट ऑफिस आपके परमानेंट अकाउंट नंबर पैन की वैलिडिटी को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ क्रॉस-चेक करके वेरिफाई करेगा। इसका मकसद ये सुनिश्चित करना है कि आपका पैन आपके आधार कार्ड से जुड़ा हुआ है। इसके साथ ही आपने पोस्ट ऑफिस की स्कीम के लिए जो नाम और जन्मतिथि की जानकारी दी है, वह सही है या नहीं। इनमें कोई गड़बड़ी मिलती है तो आप इन स्कीम में निवेश नहीं कर पाएंगे। पैन वैरिफिक्रेशन सिस्टम प्रोटीन ई-जीओवी टेक्नोलॉजीस सिस्टम के साथ जुड़ा हुआ है। इस सिस्टम से मिले रिस्पॉन्स के आधार पर पेन को फिनाकिल में मान्य किया जाता है। यह व्यवस्था 30 अप्रैल, 2024 तक लागू थी। 7 मई को जारी डाक विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है कि पैन वैरिफिकेशन से संबंधित प्रोटीन सिस्टम को 1 मईए 2024 को संशोधित किया गया है। अगर आपने अभी तक भी अपना पैन कार्ड आधार से लिंक नहीं कराया है, तो इसे फटाफट करा लें। ऐसे लोग जो 30 जूनए 2023 की समयसीमा तक पैन-आधार लिंक नहीं करा सके हैं उन पर पेनल्टी लगाने की समयसीमा में आयकर विभाग ने ढील दी है। आयकर विभाग के मुताबिक, 31 मई तक आधार के साथ पैन को लिंक करा लेने पर टीडीएस की कम कटौती के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 641.59 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार पिछले तीन सप्ताह की गिरावट के बाद तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इससे पहले 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही।

# शेयर बाजार में दो दिन बढ़त, तीन दिन रही गिरावट

## सेंसेक्स 260 अंकों की बढ़त के साथ 72,664 पर बंद, निफ्टी 22,055 पर

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों की वजह से बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में दो दिन बढ़त और तीन दिन गिरावट देखी गई। बाजार के जानकारों के मुताबिक विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते लगातार तीन ?दिन गिरावट की मार झेल रहे घरेलू शेयर बाजार को सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली है। अक्षय तृतीया पर घरेलू दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी बाजार के लिए गोताखोर साबित हुए हैं और इन दोनों कंपनियों के शेयरों ने सेंसेक्स-निफ्टी को गिरावट से बाहर निकालने में अपनी ताकत दिखाई। बीते सप्ताह शेयर बाजार के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार होता दिखा। सेंसेक्स 235.82 अंकों की बढ़त के साथ 74,106.15 पर खुला और 17.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,895.54 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 7.36 अंक ऊपर 22,483.20 पर खुला और 33.15 अंक टूटकर 22,442.70 पर बंद हुआ। सुस्त शुरुआत के बाद मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में बड़ी बिकवाली दिखी। शुरुआती कारोबारी सेशन के बाद बाजार में निवेशकों ने अपने करीब 5.49 लाख करोड़ रुपये गंवा दिए। इस दौरान सेंसेक्स 601 अंक फिसलकर 73,294 पर खुला और 383.69 अंक टूटकर 73,511.85 पर बंद हुआ। निफ्टी 85.75 अंकों की तेजी के साथ 22,561 के लेवल पर खुला है और 140.21 अंक टूटकर 22,302.50 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 160.88 अंक फिसलकर 73,350.97 के स्तर पर खुला और 45.46 अंक टूटकर 73,466.39 पर बंद हुआ। निफ्टी 26.25 अंक फिसलकर 22,276.25 के स्तर पर खुला और 40 अंक फिसलकर 22,302.50 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 33 अंकों की बढ़त के साथ 73499 पर खुला और 1062०22 अंक या 1०45 फीसदी गिरकर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 77 अंकों के नुकसान के साथ 22224 पर खुला। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में मामूली तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 121.18 अंक या 0.17 फीसदी चढ़कर 72,525.35 अंक पर खुला और 260.30 अंकों की बढ़त के साथ 72,664.47 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 52.30 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,009.80 अंक पर खुला और 97.71 अंक मजबूत होकर 22,055.20 पर बंद हुआ।



# शीतल दास की बगिया में डूबने से किशोर की मौत

भोपाल (नगर संवाददाता)



श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित शीतल दास की बगिया में गिरने से एक किशोर की मौत हो गई। घटना गत 8 मई की सुबह की बताई जा रही है। उसे गोताखोरों ने तालाब से बाहर निकाल लिया था। सांसे चलने के कारण उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन शव लेकर उत्तर प्रदेश अपने पैतृक गांव ले गए। पुलिस के अनुसार वंशु कश्यप पिता पप्पू कश्यप (16) नंबर-218, रचना नगर, गोविंदपुरा में रहता था और दसवीं कक्षा में पड़ता था। गत 8 मई को वह अपने दोस्तों के साथ शीतल दास की बगिया पहुंचा था। वहां तालाब किनारे घूमते समय उसका पैर फिसल गया और पानी में जा गिरा। दोस्तों और वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाया तभी कुछ दूरी पर मौजूद गोताखोरों ने उसे पानी से बाहर निकाल लिया। उसकी सांसे चल रही थी और उसे हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब दो दिन तक चले इलाज के बाद तीसरे दिन शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि परिवार उत्तर प्रदेश का रहने वाला था और उन्हें शव उत्तर प्रदेश ले जाना था। लिहाजा परिजन के बयान दर्ज नहीं किए गए हैं।

# मौसेरे भाई के मुंडन में पहुंची 9 साल की बच्ची के साथ मामा ने किया दुष्कर्म

भोपाल (नगर संवाददाता)



परवलिया इलाके में नौ साल की बच्ची के साथ रिश्ते के मामा द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता अपने परिजनों के साथ मौसेरे भाई के मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी। इसी बीच आरोपी ने बच्ची के साथ घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने मां को जानकारी दी, जिसके बाद देर रात परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वह शादीशुदा और दो बच्चों का पिता है। पुलिस के मुताबिक ईंटखेड़ी इलाके में रहने वाली 9 साल की बच्ची चौथी कक्षा में पड़ती है। शुक्रवार को परवलिया के एक गांव में रहने वाले उसके मौसेरे भाई का मुंडन था। बच्ची अपनी मां और अन्य परिजनों के साथ मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची थी। कार्यक्रम में अन्य नाते-रिश्तेदार भी आए हुए थे। रात करीब दस बजे जब सभी लोग भोजन कर रहे थे, तभी बच्ची के रिश्ते का मामा उसे अपने साथ पास वाले मकान में लेकर पहुंचा। इस मकान में रहने वाले सभी लोग कार्यक्रम में गए हुए थे और मकान खाली था। यहां मामा ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। कुछ देर बाद बच्ची वापस मौसी के घर पहुंची और मां को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। उसके बाद परिजन उसे लेकर परवलिया थाने पहुंचे, जहां पीड़िता ने रिश्ते के मामा के खिलाफ दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करवाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती का शारीरिक शोषण किया



## पुलिस ने दर्ज किया मामला

भोपाल (नगर संवाददाता)

छोला मंदिर पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर करीब डेड़ साल तक युवती का शोषण किया और बाद में दूसरी युवती से शादी कर ली। पीड़िता को इसका पता चला तो उसने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय युवती घरेलू काम करती है। करीब दो साल पहले एक सहेली के माध्यम से उसकी पहचान भगवान सिंह गुर्जर नामक युवक से हुई थी। दोनों की यह पहचान जल्द ही दोस्ती में बदल गई और वह एक-दूसरे को प्रेम करने लगे। इस दौरान जून 2022 में एक दिन भगवान सिंह युवती के घर पहुंचा और सूनेपन का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती ने जब इसका विरोध किया तो उसने जल्द ही शादी करने का वायदा कर लिया। उसके बाद वह उसका लगातार शारीरिक शोषण करता रहा। युवती जब भी शादी की बात कहती तो भगवान सिंह कोई न कोई बहाना बनाकर उसे टाल देता था। पिछले दिनों पीड़िता को पता चला कि भगवान सिंह ने दूसरी युवती से शादी कर ली है, तो उसने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

# ट्रेन की चपेट में आने से 60 साल के बुजुर्ग की मौत



छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित नव जीवन कॉलोनी में शनिवार सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। उन्होंने आत्महत्या की या फिर वह गलती से ट्रेन की चपेट में आए पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 60 साल के रूप सिंह कुशवाह, रेलवे ट्रैक के पास नवजीवन कॉलोनी छोला में रहते थे। वे शराब पीने के आदी थे। उम्रदराज होने के कारण उन्हें सुनाई भी कम आता था। उनके बेटे महेश कुशवाह ने बताया कि पिता सुबह करीब पांच बजे से घर से टहलने का कहकर निकले थे। इसके बाद घर से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर उनकी लाश रेलवे ट्रैक पर पड़ी मिली। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी थी। पुलिस ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से उनका सिर धड़ से अलग हो गया था।

# बैरागढ़ में जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत



बैरागढ़ में रहने वाले एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक राजेंद्र मीणा (21) आदर्श नगर कालोनी, बैरागढ़ कला में रहता था। उसका परिवार मजदूरी करता है। शुक्रवार की रात राजेंद्र ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। जांच के बाद ही जहर खाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### अब पोर्टल पर दिखेगी भ्रष्टाचार करने वालों की कुंडली

**भोपाल।** भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए, लोगों को सुशासन देने के लिए और सरकारी काम करने की एवज में सुविधा शुल्क मांगने वाले कर्मियों पर नकेल कसने के लिए प्रदेश सरकार सरगर्मी से कार्य करती दिखाई देती है। इसी दिशा में अब कोई अधिकारी-कर्मचारी भ्रष्टाचार करता है तो उसके भ्रष्टाचार की कुंडली पोर्टल पर दिखेगी। गौरतलब है कि भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे अधिकारियों के बारे में आरटीआई में जानकारी लेना अभी तक मुश्किल होता था, लेकिन अब ऐसे मामलों में फंसे अफसर जिनके विरुद्ध डीई विभागीय जांच चल रही है, सभी की जानकारी डिपार्टमेंट के पोर्टल पर डालना अनिवार्य होगा।

### तीन साल बाद पन्ना में फिर शुरू होगा खनन

**भोपाल।** पन्ना में अगले 10 सालों तक मझगवां स्थित एनएमडीसी की हीरा खदान में खनन होगा। इसमें 9 लाख कैरेट हीरे मिलने का अनुमान है। 1971-72 में शुरू हुई यह हीरा खदान पन्ना टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में स्थित है। 2020 में वाइल्डलाइफ अनुमति खत्म होने से खदान बंद हो गई थी। 2024 की शुरुआत में कॉर्पोरेशन को खनन की अनुमति मिली है। माइन से अब तक 13.5 लाख कैरट डायमंड निकाले जा चुके हैं। 2025 से नए सिरे से खनन का काम शुरू होगा। नियमों के अनुसार, खदान की डिजिटल निगरानी होगी। एनएमडीसी ने आईजी ड्रोन्स को अगले 3 सालों के लिए सर्वे का काम सौंपा है।

# भाजपा में फिर होगी संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति

## इस बार व्यवस्था को बदलाव के साथ लागू किया जाएगा, खाका तैयार

भोपाल (नगर संवाददाता)

लोकसभा चुनाव के बाद आगामी कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन और उनकी मॉनिटरिंग के लिए भाजपा में एक बार फिर से संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति होगी। हालांकि इस बार संगठन मंत्रियों के कार्य करने की व्यवस्था में बड़ा बदलाव किए जाने की खबर है।

सूत्रों का कहना है कि इसके लिए उच्चस्तर पर विचार शुरू हो गया है पर इस बार व्यवस्था को बदलाव के साथ लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इसका खाका तैयार कर रहा है। गौरतलब है कि अगस्त 2021 में राजगढ़ में प्रदेश पदाधिकारी बैठक के दौरान संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा पर रोक की अंतिम मुहर लगी थी, जिसके बाद संभागीय संगठन मंत्रियों को हटाने का प्रदेश संगठन की ओर से फैसला लिया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बदली व्यवस्था के तहत संघ के पैटर्न पर अब संभागीय संगठन मंत्रियों की नई नियुक्ति की जाएगी, जिसमें संघ के प्रचारकों को बड़ी भूमिका दी जा सकती है। गौरतलब है की करीब दो साल पहले जब संभागीय संगठन मंत्रियों को हटाया गया था तब शैलेन्द्र बरुआ-ग्वालियर, जितेंद्र लिटोरिया-उज्जैन, आशुतोष तिवारी-भोपाल, श्याम महाजन-रीवा-शहडोल, जयपाल चावड़ा-इंदौर और केशव सिंह भदौरिया-सागर संभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।




गौरतलब है कि भाजपा में कुछ समय पहले तक हर संभाग और जिलों तक में संगठन मंत्री होते थे जो पार्टी के संगठन के काम को विस्तार देने के साथ विचारधारा को कार्यकर्ताओं के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने का काम करते थे। इन संगठन मंत्रियों की भूमिका संगठन में बेहद महत्वपूर्ण होती थी। इनकी रिपोर्ट पर ही विधानसभा लेकर स्थानीय चुनाव में प्रत्याशियों के नाम तय किए जाते थे। एक समय था जब पार्टी में 32 संगठन मंत्री हुआ करते थे। इनमें कई संगठन मंत्रियों को एक या दो जिलों का प्रभार दिया जाता था। उसके बाद संभागीय संगठन मंत्री होते थे। यह सभी संगठन मंत्री संघ की पृष्ठभूमि से आते थे। इनमें कई संघ प्रचारक भी शामिल होते थे। इसके बाद इनकी संख्या में कमी आती चली गई और जिलों से इनकी विदाई कर दी गई। एक संभाग में सिर्फ एक संगठन मंत्री की तैनाती की व्यवस्था लागू कर दी गई। तीन साल पहले इसमें भी कटौती शुरू हो गई और एक संगठन मंत्री के पास दो-दो संभागों का प्रभार आ गया। इसके बाद राष्ट्रीय नेतृत्व ने इस व्यवस्था को पूरी तरह समाप्त कर दिया।

### भाजपा संगठन पर पूरी तरह संघ का नियंत्रण

भाजपा को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राजनीतिक शाखा के रूप में माना जाता है। संघ की तर्ज पर यह पार्टी कैडरबैस है और संगठन सर्वोच्च की तर्ज पर चलती है। भाजपा संगठन पर पूरी तरह नियंत्रण आरएसएस का होता है। पार्टी में पूरे देश में परम्परा है कि संगठन महामंत्री चाहे राष्ट्रीय स्तर पर हो या प्रदेश स्तर पर, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पृष्ठभूमि से आता है और यह पद बेहद असरदार माना जाता है। पार्टी के कार्यक्रम जिलों में बेहतर तरीके से चलें, जनप्रतिनिधि अपने काम को ठीक तरीके से करें। इसके लिए पूर्व में हर संभाग में संगठन मंत्रियों की व्यवस्था होती थी।

### अब संघ पैटर्न पर बनेगी व्यवस्था

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भाजपा की रीढ़ कहा जाता है। आज भाजपा संगठन जिस मजबूती से खड़ा और बढ़ा है उसके पीछे संघ की भूमिका रही है। इसलिए एक बार फिर से भाजपा में बंद हुई संभागीय संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की परंपरा फिर से शुरू करने पर उच्चस्तर पर विचार शुरू हो गया है पर इस बार व्यवस्था को बदलाव के साथ लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इसका खाका तैयार कर रहा है। लोकसभा चुनाव निपटने के बाद भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकर इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा।

## स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने नहीं पहुंचा निगम अमला

**भोपाल।** भोपाल के जिंसी इलाके में एक 7 साल के मासूम पर शनिवार रात में आवारा कुत्तों ने अटैक कर दिया। कुत्तों ने उसे हाथ-पैर और कमर के निचले हिस्से में नोंचा। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। रविवार को बच्चे की हालत में सुधार आया, लेकिन नगर निगम का अमला आवारा कुत्तों को पकड़ने नहीं पहुंचा। बता दें कि तासिन खान (7) निवासी जिंसी शनिवार रात में मस्जिद में नवाज पढ़कर घर लौट रहा था। जैसे ही वह मस्जिद से बाहर निकला, सड़क पर तीन-चार कुत्तों ने उसे घेरकर अटैक कर दिया था। घटना बैंक कॉलोनी जिंसी की है।

## निगम आयुक्त ने शहर के कई इलाकों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

# सार्वजनिक स्थलों से कचरे और मलमे के ढेर तत्काल हटवाएं

भोपाल (नगर संवाददाता)

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने हेतु शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन निरंतर किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम आयुक्त ने शनिवार को पुराने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अनेक स्थानों पर कचरे-मलमे के ढेरों को तत्काल उठवाकर बेहतर साफ-सफाई कराने तथा कहीं भी जीवीपी न बनने देने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सड़कों पर खड़े वाहनों, ठेले-गुमठी आदि के नीचे व आसपास की भी बेहतर साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने जोन 05 में साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को साफ-सफाई व्यवस्था में शीघ्रता से सुधार लाने की चेतावनी भी दी। निगम आयुक्त ने पुतलीघर के पास एक स्थान पर सड़क पर कचरा फेंकते व्यक्ति पर अपने समक्ष ही 500 रुपए का स्पॉट फाइन कराया।

### बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करें तथा जीवीपी न बनने दें

निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को सुबह किलोल पार्क, गिन्नौरी रोड, हाथीखाना, बुधवारा चार बत्ती चौराहा, इकबाल मैदान, मोतिया तालाब, इस्लामीगेट ग्राउण्ड, पुतलीघर बस स्टैण्ड इत्यादि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। निगम आयुक्त नारायन ने किलोल पार्क के पीछे पड़े कचरे-मलमे को उठवाकर साफ-सफाई कराने, गिन्नौरी रोड, हाथीखाना, बुधवारा चार बत्ती चौराहा आदि क्षेत्रों में जीवीपी का रूप धारण करते कचरे-मलमे के ढेरों को तत्काल उठवाने तथा बेहतर साफ-सफाई कराने, सड़कों पर खड़े वाहनों, गुमठी-ठेलों के नीचे व आसपास के कचरे को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने इकबाल मैदान का निरीक्षण करते हुए मैदान की सीढ़ियों के नीचे की साफ-सफाई कराने, कचरा-मलमा उठवाने, मोतिया तालाब के पास से मलमे के ढेर उठवाने, पुतलीघर बस स्टैण्ड के सामने पड़े मलमे को साफ कराने तथा इस्लामीगेट के पास स्थित मैदान की बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त ने जोन 05 में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मी होने के बाद भी साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाये जाने पर संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को चेतावनी देते हुए तत्काल व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। निगम आयुक्त ने पुतलीघर के पास सड़क पर कचरा फेंकने वाले व्यक्ति अमन पर भी 500 रुपए का स्पॉट फाइन अपने समक्ष ही कराया।



### सड़क पर कचरा फेंकने वाले पर कराया 500 रुपए का स्पॉट फाइन

## मातृभाषा मंच का दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ, शक्ति नगर के सुभाष खेल मैदान में चल रहा है आयोजन

# 17 मिनट में संक्षिप्त रामायण का हुआ मंचन, 13 भारतीय भाषाई समाजों के व्यंजनों का लें आनंद

भोपाल (नगर संवाददाता)

राजधानी के विभिन्न भाषाई समाजों की भागीदारी से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मातृभाषा मंच का दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सुभाष मैदान शक्ति नगर में हुआ। कार्यक्रम में 13 अलग-अलग समाजों के बालक और बालिकाओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दी। वहीं, आकर्षण का केंद्र छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा प्रचलित 'होन' मुद्रा और विभिन्न भाषाई समाजों के व्यंजन रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यभारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पाण्डेय, मुख्य वक्ता डॉ. पीएस बिंद्रा और मातृभाषा संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह रावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 13 भाषाई समाज के लोगों द्वारा विभिन्न देशज व्यंजनों के स्टॉल लगाए। कार्यक्रम में आए लोगों ने व्यंजनों का स्वाद लेने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लिया। बाल कलाकारों ने लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी, जिनमें गुजराती, बंगाली, छत्तीसगढ़ी, ओडिसी, महाराष्ट्रीयन, मलयाली और तमिल सहित 13 भाषाई समाजों के नृत्य शामिल रहे।



### भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी में लगे चित्र दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। प्रदर्शनी में ऋषि-मुनियों और हमारे तत्वों के चित्र लगाए गए है, जिसका उद्घाटन प्रांत संघचालक अशोक पाण्डेय, डॉ.पीएस बिंद्रा और मातृभाषा संगठन के अध्यक्ष संतोष सिंह रावत ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्चन कर किया।

### संपूर्ण रामायण का सार

राजधानी के कलांजलि समूह के कलाकारों ने कार्यक्रम में 17 मिनट में संपूर्ण रामायण का संक्षिप्त में मंचन किया। समूह के प्रमुख प्रदीप कृष्णन ने बताया कि आदौ राम तपोवनादि गमनं, हत्वा मृगं कांचनम। वैदेहीहरणं जटायुमरणं, सुग्रीवसंभाषणम। बालीनिर्दलनं समुद्रतरणं, लंकापुरीदाहनम। पश्चाद् रावण कुंभकर्ण हननम्, ऐतद्धि रामायणम। इस श्लोक में संपूर्ण रामायण संक्षिप्त रूप पूरी होती है, समूह के कलाकारों द्वारा इसका मंचन 17 मिनट में किया गया, जिसमें संपूर्ण रामायण का सार है।

### सरकारों ने मातृभाषा पर नहीं दिया ध्यान

मुख्य अतिथि रूप में पधारे डॉ. बिंद्रा ने बताया कि जब देश स्वतंत्र हुआ तब तत्कालीन नेतृत्व ने अंग्रेजी भाषा को अधिक महत्व दिया। यदि उस समय ही मातृभाषा के महत्व को स्थापित किया जाता तो बहुत अच्छा रहता। उन्होंने कहा कि सरकारों की अनदेखी का ही परिणाम है कि आज न्यायालय में भी अंग्रेजी का ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है। दलीलें भी अंग्रेजी में ही पेश करी जा रही हैं, जिससे याचिकाकर्ता को कुछ समझ ही नहीं आता और वकील और न्यायाधीश के बीच में ही फैसला हो जाता है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज की मुद्रा 'होन' से खरीदारी

हिन्दवी स्वराज्य के 350वें वर्ष में छत्रपति शिवाजी महाराज के व्यक्तित्व, स्वराज्य की अवधारणा, स्वदेशी नीति आदि से समाज को परिचित कराने के उद्देश्य से उनके काल में प्रचलित 'होन' मुद्रा का उपयोग कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम प्रांगण में वस्तुओं का क्रय के लिए होन मुद्रा का आदान-प्रदान किया गया। प्रांगण में एक स्टॉल लगाया गया है, जिसमें भारतीय मुद्राएं देकर होन मुद्राएं ले सकते हैं।

**मुगलकाल में शिवाजी ही ऐसे शासक जिन्होंने स्वयं की मुद्राएं चलाई:** मुगलकाल में जब पूरे देश में हिन्दू साम्राज्य सिमट रहा था। ऐसे में छत्रपति महाराज शिवाजी ने सन 1674 ई. में अपने राज्य रोहण पर रायगढ़ किले की टकसाल से भारतीय मुद्राओं को जारी किया था। उन्होंने सोने एवं तांबा धातुओं के अपने स्वतंत्र सिक्के जारी किए थे। स्वर्णमुद्रा को 'होन' कहा जाता था और ताम्र मुद्रा को 'शिवराई'। इस मुद्रा के अगले भाग में 'छत्रपति' अभिलेख अंकित है और पीछे 'श्रीराजा शिव' अभिलेख अंकित होता था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **बृजभाल पाण्डेय (मनोज)** द्वारा टाईम्स प्रिंटर्स, एण्ड पब्लिशर्स, 119 इनारा हाउस, पुलबोगदा जिला भोपाल - 462023 मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 47/ए रतन कालोनी, रासल खेड़ी, भानपुर, विदिशा रोड भोपाल-४६२०१० से प्रकाशित।
सम्पादक- **बृजभाल पाण्डेय (मनोज) मो. नं. 6265222698** (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा) **Email-bulandmediagroup@gmail.com**